23 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 65

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

# खलारी में अपराधियों का तांडव, तीन हाइवा फूंका

## ड्राइवर और खलासी को पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के ग्रामीण इलाकों में स्प्लिंटर ग्रुप की धमक एक बार फिर से दिखायी दिया है। नक्सली संगठन से अलग होकर रंगदारी वसूलने के लिए अपना काम कर रहे कुछ अपराधियों ने खलारी में कोयला लदे तीन हाइवा को आग के हवाले कर दिया। रविवार की सुबह लगभग 4:00 बजे अपराधियों ने खलारी के निर्मल महतो चौक के पास कोयला लदे वाहनों को रोका और सभी में एक-एक कर के आग लगा दी। आग लगने से पहले हथियारबंद दस्ते के लोगों ने दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग भी की।

घटना के दौरान हाइवा के ड्राइवर और खलासी को सड़क पर उतारकर उनके साथ मारपीट की और उनके मोबाइल तक छीन लिये। जिन वाहनों को आग के हवाले किया गया है, उनके चालकों ने बताया कि अचानक सड़क पर उनके वाहनों को रोक दिया गया। उनके साथ मारपीट की गयी और एक-एक करके तीनों को आग के हवाले कर दिया।

**जांच में जुटी पुलिस :** मामले की जानकारी मिलने के बाद खलारी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी अपराधी फरार हो चुके थे। आगजनी की सूचना पर मैक्लुस्कीगंज थाने की टीम भी मौके पर पहुंची। इसके बाद बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। खलारी थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि कोयला लेकर जा रहे तीन वाहनों को आग के हवाले किया गया है। आग नक्सलियों द्वारा लगायी गयी है या किसी आपराधिक संगठन द्वारा इसकी जांच की जा रही है। इलाके में सर्च अभियान भी शुरू किया गया है।

**तीन महीने में सातवीं वारदात :** झारखंड में लॉ एंड ऑर्डर पर सख्ती के तमाम दावों के बावजूद कंस्ट्रक्शन और ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों पर हमले की घटनाएं लगातार हो रही हैं। पिछले तीन से चार महीनों में ऐसी सात घटनाएं सामने आयी हैं। पूरे राज्य में कंपनियों से रंगदारी और लेवी वसूली करने वाले कई आपराधिक गिरोह उग आए हैं, जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

**इससे पहले ट्रक में लगायी थी आग :** 3 दिसंबर को रांची में खलारी के पास पिपरवार थाना क्षेत्र में एक कोल माइन्स कंपनी के हाइवा ट्रक को अपराधियों ने फूंक डाला था। एक दिसंबर को रांची जिले के ओरमांझी में श्रीराम कंस्ट्रक्शन कंपनी की साइट पर हमला कर गोलीबारी की गई थी और एक कंटेनर को आग के हवाले कर दिया गया था। 19-20 नवंबर को लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के लात जंगल के पास उग्रवादियों ने तुबेद कोल माइंस से कोयला ट्रांसपोर्टिंग कर रहे पांच हाइवा वाहनों को जला डाला था। उग्रवादियों ने कई राउंड फायरिंग और वाहन चालकों के साथ मारपीट भी की थी।



### लगातार दिख रहा अपराधियों का तांडव

28 नवंबर को मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के धमधमिया में आलोक गिरोह ने बालू लदे एक ट्रक को फूंक डाला था। इसी तरह एक अक्टूबर को हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत चट्टी बरियातू स्थित एनटीपीसी (नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन) की कोल माइन्स से ट्रांसपोर्ट करने वाली पीएनएम कंपनी के सेंटर पर हथियारबंद लोगों ने हमला कर पांच हाइवा गाड़ियों में आग लगा दी थी। सितंबर महीने में बोकारो जिले में जैनामोड़ से गोला तक सड़क का निर्माण करा रही एनजी प्रोजेक्ट कंपनी की साइट पर पीएलएफआइ (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के अपराधियों ने हमला कर डोजर और रोलर को आग के हवाले कर दिया था।

# पीएम मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



## 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से हुए सम्मानित

एजेंसी

**कुवैत सिटी।** कुवैत में प्रधानमंत्री मोदी को वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। कुवैत के अमीर अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल सबा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया। पीएम मोदी कुवैत के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इससे पहले 19 देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। इस लिस्ट में शुमार होने वाला यह 20वां देश है।

पीएम मोदी को यह सम्मान भारत और कुवैत के बीच अच्छे संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को यह पुरस्कार दिया गया है। 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' मित्रता के संकेत के रूप में राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी संप्रभुओं और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। पीएम मोदी से पहले बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को भी 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' प्रदान किया जा चुका है।

**बीते माह इन देशों ने किया था पीएम मोदी को सम्मानित :** इससे पहले पिछले महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुयाना और बारबाडोस ने पीएम मोदीको अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया था। गुयाना ने पीएम मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान- द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया था, वहीं बारबाडोस में पीएम मोदी को प्रतिष्ठित ऑनररी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस सम्मान दिया गया था। डोमिनिका ने भी उन्हें हाल ही में सर्वोच्च सम्मान दिया था।

**अफगानिस्तान और फिलिस्तीन से भी पीएम मोदी हो चुके हैं सम्मानित :** बता दें कि पीएम मोदी को साल 2016 में अफगानिस्तान द्वारा स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान, फरवरी 2018 में फिलिस्तीन द्वारा ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन, अक्तूबर 2018 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा यूएन चैंपियन ऑफ द अर्थ अवार्ड दिया गया था। वहीं, अप्रैल 2019 में यूएई द्वारा ऑर्डर ऑफ जायद और अप्रैल 2019 में ही रूस द्वारा ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

### किन-किन देशों से मिल चुका है पीएम को सम्मान

वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता सर्वाधिक है। एक सर्वे में उन्हें सबसे लोकप्रिय नेता करार दिया गया था। इतना ही नहीं कई देश भी उन्हें अपने सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित कर चुके हैं। क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उनके नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2014 से अब तक 20 देशों के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कारों समेत संयुक्त राष्ट्र का सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

# तीरंदाज दीपिका कुमारी ने की मुख्यमंत्री हेमंत से मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी एवं सेंटर फोर एक्सीलेंस की कोच डी साईश्वरी ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने राज्य में तीरंदाजी क्षेत्र से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि विश्व पटल पर झारखंड के खिलाड़ी तीरंदाजी के क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। हमारी सरकार झारखंड के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को आवश्यक सभी सुविधा मुहैया करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मौके पर मुख्यमंत्री ने तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी के हालिया प्रदर्शन को लेकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# दो आइपीएस अधिकारियों को 76 हजार का वेतनमान

## कैसे मिला, अधिसूचना मांग रहा एजी

## गृह विभाग के अधिकारी परेशान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सब कुछ संभव है। राज्य के दो आइपीएस अधिकारियों को नियम विरुद्ध ज्यादा वेतनमान दिया जा रहा है। इसे महालेखाकार ने पकड़ा है। अब एजी उन दो अधिकारियों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट गृह विभाग से मांगी है। गृह विभाग के अधिकारी इसको लेकर खासे परेशान हैं। सच ये है कि दो आइपीएस अधिकारी विकास पांडेय और सादिक अनवर रिजवी को ग्रेड पे 5400 से सीधे 7600 के वेतनमान का भुगतान का आदेश दे दिया गया है। जबकि ग्रेड पे लेवल 11- 6600 का वेतनमान इन्हें दिया ही नहीं गया। अब महालेखाकार वही 6600 का वेतनमान इन अधिकारियों को कब मिला और उसकी अधिसूचना कहां है मांग रहा है। दोनों अधिकारी राज्य पुलिस सेवा के थे। वर्ष 2014 में आइपीएस में प्रोन्नत हुए हैं। सरकारी नियम के अनुसार एक निश्चित सेवा पूरा करने के बाद वेतनमान में वृद्धि की जाती है। दोनों अधिकारियों को ग्रेड पे लेवल 10 से सीधे 12 का भुगतान कर दिया गया है। अब इस पूरे मामले की जांच संभव है। दोषी अधिकारी पर कार्रवाई भी हो सकती है। महालेखाकार कार्यालय के वरीय लेखा अधिकारी ने गृह विभाग के अपर सचिव को पत्र लिखा है और भारतीय पुलिस सेवा के दो अधिकारियों के एडमिनिस्ट्रेवि ग्रेड पे के वेतनमान लेवल 12 की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# एक्टर अल्लू अर्जुन के घर हुई तोड़फोड़



## आरोपी उस्मानिया यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट, आठ गिरफ्तार

## भगदड़ में मरनेवाली महिला के परिवार को एक करोड़ रुपये देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदराबाद।** एक्टर अल्लू अर्जुन के हैदराबाद स्थित घर के बाहर उस्मानिया यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने तोड़फोड़ की है। इस मामले में पुलिस ने 8 लोगों की गिरफ्तारी की है। ये लोग एक्टर के घर में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे। स्टूडेंट्स ने पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में मची भगदड़ में मारी गयी महिला के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की।

इस घटना के कुछ समय पहले ही अल्लू अर्जुन ने पोस्ट किया था- मैं अपने सभी फैंस से अपील करता हूं कि वे हमेशा की तरह जिम्मेदारी से अपनी भावनाएं व्यक्त करें। ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी प्रकार की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल न करें, ना ही किसी से गलत व्यवहार करें।

एक्टर पहले ही मृतक रेवती के परिवार को 25 लाख रुपये देने की बात कह चुके हैं। साथ ही घायलों का इलाज भी अपने खर्च पर करा रहे हैं।

### अल्लू अर्जुन से लोगों की नाराजगी

4 दिसंबर को अभिनेता अल्लू अर्जुन अपनी फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रीमियर में भाग लेने के लिए हैदराबाद के संध्या थिएटर गये थे। उन्हें देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो गयी थी। स्थिति तब और बिगड़ गयी, जब अर्जुन ने अपने वाहन की सनरूफ से प्रशंसकों को हाथ हिलाया, जिसके कारण अफरा-तफरी मच गयी। इसमें रेवती नाम की एक महिला की मौत हो गयी थी। घटना के बाद अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार भी किया गया था। हालांकि अगले दिन उन्हें जमानत मिल गयी थी। लेकिन इस मामले को लेकर कुछ लोग अल्लू अर्जुन का विरोध कर रहे हैं।

कृषि विभाग, सिमडेगा
प्रेस विज्ञप्ति
किसान दिवस के शुभ अवसर पर
जिला के सभी बिरसा किसान भाईयों को शुभकामनाएं।
कृषि प्रभाग के द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाएं

- बीज विनिमय एवं वितरण की योजना अंतर्गत 50% अनुदान पर विभिन्न लैम्पस के द्वारा ब्लॉक चेन प्रणाली के माध्यम से कुल 833.00 क्विं. धान एवं मूंग बीज का वितरण।
- जिले के कुल 1547 बिरसा किसानों को कृषि कार्य करने हेतु लगभग पांच करोड़ बेरासी लाख रूपैया का किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋण वितरित।
- झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अन्तर्गत जिले के कुल 7097 किसानों का कृषि ऋण माफ।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अन्तर्गत 90% अनुदान पर टपक सिंचाई योजना का लाभ।
- मिट्टी जांच प्रयोगशाला, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं एग्री क्लीनीक के माध्यम से मिट्टी नमूना का मुफ्त जांच।
- किसान कॉल सेंटर 1800-123 - 1136 द्वारा किसानों के समस्याओं का समाधान।
- किसान भाईयों को कृषि की अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर एग्री क्लीनीक का संचालन।

ह./-
जिला कृषि पदाधिकारी
सिमडेगा

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

जिला कृषि कार्यालय-रांची
किसान दिवस के शुभ अवसर पर
जिला के सभी बिरसा किसान भाईयों को शुभकामनाएं
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता झारखंड सरकार
द्वारा चलायी जा रही महत्वपूर्ण योजनाएं।

1. बीज विनिमय एवं वितरण की योजना के अंतर्गत 50% अनुदान पर विभिन्न लैम्पस के द्वारा ब्लॉक चेन प्रणाली के माध्यम से खरीफ एवं रबी बीज का वितरण। 2. जिले के किसानों को कृषि कार्य करने हेतु किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋण वितरित। 3. झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के अन्तर्गत 2,00,000/- (दो लाख रू.) कृषि ऋण माफ। 4. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत 90% अनुदान पर टपक सिंचाई योजना का लाभ। 5. मिट्टी जांच प्रयोगशाला, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं एग्री क्लीनिक के माध्यम से मिट्टी नमूना का मुफ्त जांच। 6. किसान भाईयों को एग्री स्मार्ट ग्राम के तहत जिले में 10 एग्री स्मार्ट ग्राम का संचालन। 7. समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना अंतगर्त तमाड़, बुंडू, लापुंग एवं बेड़ो में कृषक पाठशाला का संचालन। 8. किसान कॉल सेंटर 1800-123 1136 द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान। 9. बीज विनिमय एवं वितरण कार्यक्रम तथा बीज उत्पादन योजना। 10. कृषि मेला कार्यशाला, प्रदर्शनी, प्रशिक्षण, भ्रमण, प्रोत्साहन, पुरस्कार एवं प्रचार-प्रसार की योजना। 11. बिरसा फसल विस्तार योजना। 12. आधारभूत संरचनाओं की स्थापना एवं सुदृढीकरण तथा ग्रामीण कृषि हाट के निर्माण की योजना। 13. झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना। 14. Automatic Rain Gauge. 15. समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला। 16. किसान समृद्धि योजना। 17. झारखण्ड राज्य मिलेट्स (महुआ एवं ज्वार)। 18.Grant to FPOS.

ह./-
जिला कृषि पदाधिकारी, रांची

JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LTD.
झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि०
शहीद चौक, मेन रोड, राँची - 834001 (झारखण्ड)
ई-मेल : mdjscb@jscb.gov.in,www.jscb.gov.in
झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि० की ओर से
राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर सभी किसान भाईयों को
हार्दिक शुभकामनाए!

- आप सभी जानते है कि 23 दिसम्बर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है।
- यह किसान दिवस देश के समग्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास में किसानों के योगदान के महत्व को समझाने के लिए एवं लोगों के बीच किसानों के महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रसारित करने के लिए मनाया जाता है।
- विदित हो कि झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि० राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रहे कृषकों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराते आ रही है। झारखंड के लैम्पस/पैक्स से जुड़े सभी किसानो भाईयों को बैंक की पहल पर 0% ब्याज दर पर के.सी.सी. ऋण उपलब्ध करायी जा रही है ताकि कृषक बन्धु आर्थिक रूप से सशक्त होकर कृषि कार्य को उन्मुखी बनाते हुए राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।
- साथ ही बैंक किसान उत्पादक संगठन (FPO) का निर्माण कर वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है, जिससे किसान समृद्ध हो सके।

किसान भाईयों के लिए झारखंड राज्य सहकारी बैंक में निम्नलिखित सुविधायें उपलब्ध है:-

- किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की सुविधा।
- मत्स्य पालन हेतु FCC कार्ड की सुविधा।
- न्यूनतम ब्याज दर पर कृषि ऋण की सुविधा।
- लैम्पस/पैक्स के कृषकों को CC ऋण की सुविधा।
- के.सी.सी./एफ.सी.सी. अंतर्गत एटीएम कार्ड की सुविधा।
- पशुपालकों के लिए गव्य विकास ऋण की सुविधा।



श्रीमती विभा सिंह
अध्यक्ष
झा.रा.सह.बैंक लि.

किसान भाईयों से अनुरोध है कि बैंक से जुड़ कर उपरोक्त सुविधाओं का लाभ उठाएं एवं अपने जीवन को खुशहाल बनाएं। इसी आशा एवं अपेक्षा के साथ पुनः किसान भाईयों को किसान दिवस की अशेष मंगल कामनाएं!!!!

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,500 रु./10 ग्राम
चांदी 91,000 रु./प्रति किलो



# राज्यों में कमजोर पड़ने लगा है इंडी गठबंधन

- ममता-उद्धव-उमर के बाद केजरीवाल-अखिलेश ने दिखाये तेवर
- लालू और पवार ने भी राहुल गांधी के नेतृत्व पर उठा दिया है सवाल
- केवल हेमंत सोरेन ही मजबूती से कर रहे हैं गठबंधन धर्म का पालन
- हरियाणा और महाराष्ट्र की पराजय के बाद बदलने लगे दलों के सुर

**इसी साल के पूर्वार्द्ध में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बने विपक्षी पार्टियों के इंडी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर लड़नेवाला यग गठबंधन पहले हरियाण और फिर महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में पराजित होने के बाद अब कमजोर ही नहीं, बिखरने की कगार पर दिखाई देने लगा है। यह साफ दिख रहा है कि गठबंधन पर कांग्रेस की पकड़ कमजोर हो रही है। इंडी गठबंधन की कमजोरी उस समय सबसे पहले सामने आयी, जब ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने कांग्रेस को आंख दिखायी। इसके बाद लालू यादव और शरद पवार ने राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठा दिया, तो उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल ने अलग रास्ता अख्तियार करने का फैसला कर लिया। इंडी गठबंधन की कमजोरी हाल में समाप्त हुए संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान भी दिखी, जब कांग्रेस की ओर से अडाणी का मुद्दा उठाया गया और वाकआउट तथा विरोध प्रदर्शन में दूसरे दलों ने उसका साथ नहीं दिया। केवल झारखंड ही अकेला ऐसा राज्य है, जहां हेमंत सोरेन पूरी इमानदारी से गठबंधन धर्म का पालन ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि सहयोगी दलों के लिए अपना सब कुछ झोंक रहे हैं। इसके बाद ही अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या इंडी गठबंधन में बिखराव शुरू हो गया है और क्या इस पर से कांग्रेस की पकड़ कमजोर पड़ने लगी है। क्या है इंडी गठबंधन की अंदरूनी स्थिति और देश की राजनीति पर इसका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव 2024 में जिन सहयोगी दलों के साथ इंडी गठबंधन के बैनर तले कांग्रेस ने भाजपा से कड़ा मुकाबला किया था, वही इंडी गठबंधन महज एक साल के भीतर पूरी तरह बिखरता नजर आ रहा है।

यूपी में जिस समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर कांग्रेस ने 43 लोकसभा (अकेले छह सीटें) सीटें जीती थीं, वही समाजवादी पार्टी पहले महाराष्ट्र चुनाव में कांग्रेस का हाथ छोड़ चली गयी और अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी वह कांग्रेस की बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़ी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन की बजाय अकेले सभी 70 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया है। अब समाजवादी पार्टी ने भी उसे समर्थन दे दिया है। उधर गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कांग्रेस के सामने लगातार चुनौती पेश कर ही रही हैं और अब बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजद नेता लालू यादव ने भी कांग्रेस को अंगूठा दिखाया है। इस तरह देखा जाये, तो राष्ट्रीय स्तर पर इंडी गठबंधन में भले ही सब कुछ ठीक दिख रहा हो, प्रदेशों में इसके अंदर सब-कुछ ठीक नहीं है। अलग-अलग राज्यों में इसमें शामिल सहयोगी दलों के बीच अलग-अलग मुद्दों पर मतभेद नजर आ रहे हैं। बिहार में हाल के दिनों में लालू यादव की राजद और कांग्रेस के बीच दूरी बढ़ती नजर आयी है। लालू ने जिस तरह से विपक्षी गठबंधन की अगुवाई ममता बनर्जी को देने में सहमति जतायी है, उससे इस बढ़ती दूरी पर मुहर लग गयी है। कांग्रेस लालू के इस सियासी दांव को पचा नहीं पा रही है।

इधर हाल के महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में मिली अप्रत्याशित हार को लेकर कांग्रेस पहले से ही फजीहत झेल रही है। इस हार के कारण भी गठबंधन के भीतर की स्थिति बिगड़ी है। हालांकि गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दल अब भी यही मान रहे हैं कि गठबंधन में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके पास पूरे देश में संगठन है।



## गठबंधन में कमजोर पड़ रही कांग्रेस

कुछ दिन पहले ही तृणमूल कांग्रेस की ओर से ममता बनर्जी को इंडी गठबंधन का नेता बनाने की मांग उठी। इस पर कांग्रेस की ओर से पलटवार भी हुआ। कांग्रेस ने इस मांग को एक मजाक करार दिया। अब टीएमसी की ओर से यह मांग तेजी से आगे बढ़ायी जा रही। वहीं अब अडाणी मुद्दे पर भी कांग्रेस से अलग टीएमसी ने स्टैंड लिया। इस दौरान समाजवादी पार्टी ने भी कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया।

## संसद में टीएमसी-सपा ने दिखाये तेवर

यह चर्चा तब शुरू हुई, जब कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने अडाणी के मुद्दे पर सदन से वाकआउट किया। उन्होंने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया, तो इसमें सपा और टीएमसी के एक भी नेता नहीं पहुंचे। कांग्रेस से सपा की दूरी को लेकर चर्चा की यही अकेली वजह नहीं है। संभल मुद्दे पर भी दोनों पार्टियों की राय मेल खाती नहीं दिख रही। ऐसा उस समय नजर आया, जब राहुल गांधी संभल जाने के लिए दिल्ली से रवाना हुए। इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस नेतृत्व के फैसले पर सवाल उठा दिया। सपा की ओर से कहा गया कि जब संभल मुद्दे को संसद में उठाया नहीं गया, तो वहां जाने का क्या फायदा।

## केजरीवाल के 'एकला चलो' की भी चर्चा

अब आम आदमीा पार्टी ने दिल्ली में विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ने का एलान कर दिया है। उसने कांग्रेस से साफ कह दिया है कि वह किसी भी सूरत में कोई तालमेल नहीं करेगी। समाजवादी पार्टी ने इस मुद्दे पर आप का समर्थन कर दिया है। इस तरह अरविंद केजरीवाल के भी ममता बनर्जी की राह पकड़ने पर शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि कांग्रेस विपक्षी एकता के लिए कदम उठाये। शिवसेना (यूबीटी) ने दिल्ली चुनाव में आप के अपने बूते चुनाव लड़ने की घोषणा करने पर यह बात कही है। पार्टी ने कहा है कि बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस से दूरी रखकर राजनीति करने की कोशिश कर रही हैं। अब केजरीवाल भी उसी राह पर जा रहे हैं। इस संबंध में कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण करने और (विपक्ष की) एकजुटता के लिए कदम उठाने की जरूरत है।

## केवल हेमंत कर रहे गठबंधन धर्म का पालन

इंडी गठबंधन की स्थिति केवल झारखंड में ही अच्छी है। हेमंत सोरेन पूरी इमानदारी से गठबंधन धर्म का पालन कर रहे हैं। हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में उन्होंने न केवल सहयोगी दलों को पर्याप्त सीटें दी, बल्कि हर सीट पर खुद प्रचार कर उनके प्रत्याशियों की मदद की। सरकार बनने पर भी उन्होंने सहयोगियों के साथ पूरा समन्वय बना कर मंत्री बनाये और विभागों का बंटवारा भी किया।

## हरियाणा-महाराष्ट्र में हार से बैकफुट पर कांग्रेस

इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पहले हरियाणा और फिर महाराष्ट्र चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी शिकस्त के बाद पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। अब सवाल यही है कि कांग्रेस कैसे वापसी करती है। अब अगले साल दिल्ली और बिहार के चुनाव हैं। देखना दिलचस्प होगा कि क्या कांग्रेस इन चुनावों में अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर पायेगी। पार्टी के लिए ऐसा करना जरूरी ही नहीं, उसके खुद के अस्तित्व के लिए अपरिहार्य भी है।

---

# रांची ट्रैफिक पुलिस जुर्माना लगाकर जनता का शोषण कर रही, सीएम लें संज्ञान : बाबूलाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राजधानी रांची की ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल जुर्माना वसूलने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। मामूली गलतियों पर भी भारी-भरकम जुर्माना लगाकर जनता का शोषण किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों को नजरअंदाज कर सिर्फ जुर्माने की वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है। बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर आजाद सिपाही में छपी खबर को साझा करते हुए आगे कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है लेकिन जब तक सड़कों की दशा नहीं सुधरेगी, ट्रैफिक सिग्नल सही नहीं होंगे और लोगों को जागरूक नहीं किया जायेगा, तब तक सिर्फ जुर्माना वसूलने से समस्या हल नहीं होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर बेहद संवेदनशीलता की जरूरत है। आमजनों पर लगाये गये भारी भरकम जुर्माने पर पुनर्विचार करें और रांची की सड़कों पर मची लूट को रोककर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करें।


Babulal Marandi
@yourBabulal · Follow

राजधानी रांची की ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल जुर्माना वसूलने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। मामूली गलतियों पर भी भारी-भरकम जुर्माना लगाकर जनता का शोषण किया जा रहा है।

सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों को नजरअंदाज कर सिर्फ जुर्माने की... Show more

रांची की सड़कों पर ट्रैफिक चालान का आतंक
- यातायात नियंत्रण नहीं, जुर्माना वसूली रह गया है ट्रैफिक पुलिस का उद्देश्य
- बिजली बिल और लगान वसूली पर ध्यान नहीं, केवल फाइन पर है फोकस

आजाद सिपाही विशेष

---

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद की बैठक

# बेकारी, महंगाई, गरीबी पर संसद में चर्चा नहीं होती: रामकृष्ण पांडा

**गृह मंत्री ने जो किया, उसकी जितनी निंदा की जाये कम होगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की बैठक राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में रविवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित राज्य कार्यालय में हुई। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा भी बैठक में मौजूद थे। राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण पांडा ने कहा कि संसद भवन के अंदर जिस तरह से गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव का अपमान किया गया, उसकी जितनी भी निंदा की जाये कम है। उन्होंने कहा कि देश में आज भारतीय जनता पार्टी कमजोर हो रही है। इसलिए वह हिंदुत्व का ठेकेदार बने रहना चाहती है। विपक्ष चाहता है कि संसद चले, लेकिन भाजपा संसद को चलाने में नाकामयाब साबित हो रही है। लगातार गैर संवैधानिक तरीके से देश को चलाने की कोशिश हो रही है, देश में बेकारी, महंगाई, लाचारी पर संसद में चर्चा नहीं हो पा रही है।

**पार्टी की 100वीं वर्षगांठ, 26 को, धूमधाम से मनाने का निर्णय :** बैठक में सर्वसम्मति से संगठन को मजबूत बनाने, बड़े पैमाने पर गांव-गांव में सदस्यता अभियान चलाने, पार्टी सदस्यों का नवीकरण, अल्पसंख्यकों, दलितों एवं आदिवासियों को पार्टी से जोड़ने तथा पार्टी में बड़े पैमाने पर छात्रों, युवाओं व महिलाओं को पार्टी में शामिल करने का निर्णय लिया गया। 26 दिसंबर को पार्टी के 100वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।




## ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन का राज्य सम्मेलन 19 जनवरी को

ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन का राज्य सम्मेलन 19 जनवरी को एवं दो-तीन मार्च को ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन का सम्मेलन किया जायेगा। मौके पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, अजय कुमार सिंह, केडी सिंह, भंते जैनेंद्र तथागत, लखन लाल महतो, सुरजीत घोष, विष्णु कुमार, महादेव राम, सोनिया देवी, अंबुज ठाकुर, मेवा लाल प्रसाद, रुचि तिवारी, जितेंद्र सिंह, इंद्रमणि देवी, सुरेश ठाकुर, सुरजीत घोष, बनवारी साह आदि उपस्थित थे।

## राज्य सचिव ने समीक्षात्मक रिपोर्ट पेश की

सीपीआइ के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने राजनीतिक एवं विधानसभा चुनाव की समीक्षात्मक रिपोर्ट पेश की। बैठक में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले बड़कागांव विधानसभा से विंध्याचल बेदिया को निलंबित किया गया। बोकारो जिले में दूसरे दलों के सदस्यों के द्वारा पार्टी का झंडा और बैनर के इस्तेमाल करने की घटना को गंभीरता से लेते हुए राज्य परिषद ने बोकारो जिला मंत्री को कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया है। कई साथियों को पार्टी विरोधी कार्यों में संलिप्त पाये जाने पर पार्टी से निष्कासित किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.8 °c | 13.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.26 बजे |









मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधायक निशात आलम और विधायक नीरल पूर्ति एवं उनके परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की तथा झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### भाजपा ने 5628 शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

# विकसित भारत के लिए भाजपा को मजबूत करें : बाबूलाल मरांडी

- सदस्यता अभियान का दिखा उत्साह, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा हुए शामिल
- अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी के पदाधिकारी, सांसद, विधायक हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार झारखंड भाजपा ने रविवार को शक्ति केंद्र, पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर भव्य तरीके से सदस्यता अभियान संगठन महापर्व का शुभारंभ किया। गांव-गांव में जनता में सदस्यता ग्रहण करने के लिए उत्साह देखा गया। पंचायत, बूथों पर लोग एकत्रित होकर सदस्यता ग्रहण करने में जुटे रहे। ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को तकनीक रूप में सफल बनाने में युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़कर सहभागिता निभाई।

उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अपने क्षेत्र में गिरिडीह जिला अंतर्गत बेलवाना पंचायत के खोरों गांव में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची जिला के हरमू मंडल अंतर्गत डीएवी स्वर्णरेखा शक्तिकेंद्र में संगठनपर्व का शुभारंभ किया।

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ चुटिया में, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय गिरिडीह के पचंबा शक्ति केंद्र में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी इचाक के चाराडीह में, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ओरमांझी में, डॉ प्रदीप वर्मा टाटीसिलवे मंडल के महिलौंग शक्तिकेंद्र में, मनोज कुमार सिंह मेदिनीनगर के बारालोटा शक्ति केंद्र में, राकेश




प्रसाद रामगढ़ के पतरातू स्थित जयनगर शक्ति केंद्र में उपस्थित रहे।

संगठन महापर्व के तहत सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता के सहयोग और समर्थन से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। आज भाजपा के 11 करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं।

श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों पर जनता का विश्वास बढ़ा है। देश तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में जनता ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि भाजपा का गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, अंत्योदय, किसान सम्मान, आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं पर जनता का भरोसा बढ़ा है।

कहा कि जनता को यह विश्वास आत्मनिर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत, विकसित भारत का सपना भाजपा ही पूरा कर सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य भी भाजपा ने बनाया और भाजपा ही संवारेगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि विकसित भारत के लिए भाजपा को मजबूत करें। कहा कि ऑनलाइन नंबर 88000024 डायल कर भाजपा के सदस्य बनें।

# टाना भगतों का जीवन स्तर ऊंचा उठाना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी और चुनौती : बंधु तिर्की

### अखिल भारतीय टाना भगत संघ का 112वां स्थापना दिवस मना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि टाना भगतों का आर्थिक-सामाजिक जीवन स्तर ऊंचा उठाना आज के समय में न केवल सबसे बड़ी चुनौती है बल्कि सरकार के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी और जवाबदेही भी है। श्री तिर्की ने कहा कि टाना भगतों ने जिस प्रकार आजादी के आंदोलन में आगे बढ़कर महात्मा गांधी के अहिंसात्मक संग्राम में अपना योगदान दिया वैसा दूसरा उदाहरण दुनिया में नहीं है।

रविवार को चान्हो प्रखंड के सोनचिपी में अखिल भारतीय टाना भगत संघ के 112 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि आजादी के बाद भी आजतक बड़ी ही सादगी से अपने जीवन को व्यतीत करते आ रहे टाना भगत जिस प्रकार मांसाहार,



नशापान आदि से दूर हैं और जिस प्रकार वे समाज में आदर्श जीवन जीते हैं, उससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री तिर्की ने कहा कि टाना भगतों ने हमेशा झारखंड की एक वैसी तस्वीर देश में गढ़ी है जहां शांति, सद्भावना, विकास, सादगी और सपनों को पूरा करने की ललक है। उन्होंने सरकार से मांग की कि टाना भगत विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष किसी वरिष्ठ टाना भगत को ही बनाया जाना चाहिए।

अखिल भारतीय टाना भगत संघ के 112 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस समारोह में सर्वसम्मति से संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के संबंध में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में दिये गये आपत्तिजनक बयान की तीखी निंदा करते हुए प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति से मांग की गयी कि गृह मंत्री श्री शाह को मंत्रिमंडल से अविलंब हटाया जाये। टाना भगतों ने निर्णय लिया कि वे गृह मंत्री के विरुद्ध आंदोलन करेंगे और उन्हें हटाने के लिए वह दिल्ली कूच करेंगे, जहां वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने की मांग करेंगे। बैठक में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो. इस्तेयाक, मंगलेश्वर उरांव, इरशाद खान, रमे टाना भगत, शिव चरण टाना भगत, सज्जाद अंसारी, बीगल टाना भगत, साबिर अंसारी, चंद्रू टाना भगत, चतरा टाना भगत, जय राम टाना भगत, मंगल टाना भगत, जागे टाना भगत, बीसनू टाना भगत सहित अनेक टाना भगतों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

## शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ निरीक्षक ने रविवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे आरपीएफ पोस्ट रांची एवं फ्लाइंग टीम रांची रेलवे स्टेशन रांची के पार्सल ऑफिस के पास एक संदिग्ध को भारी बैग के साथ घूमते पाया। संदेह होने पर उसके बैग की जांच करने पर शराब बरामद हुई। उसने अपना नाम शंभू कुमार बताया। वह बिहार के पटना के अगमकुआं का रहने वाला है। आरोपित ने बताया कि वह गाड़ी संख्या 18624 से पटना में अधिक दामों पर शराब बेचने जा रहा था। गिरफ्तार व्यक्ति और पकड़ी शराब को उत्पाद विभाग को कार्रवाई के लिए सौंप दिया। जब्त शराब की कीमत 7400 रुपये आंकी गयी है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | समय अनुकूल है,महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा। |
| वृष | विरोधियों पर विजय,संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। |
| मिथुन | वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे,आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति होगी। |
| कर्क | निराशा का समापन, नये लोगों से सम्पर्क,महिला मित्र के माध्यम से लाभ,शुभ समाचार मिलेगा। |
| सिंह | परिश्रम-प्रयत्न से विपरीत स्थितियों में सुधार,सामयिक-सामाजिक विकास,शत्रुओं पर विजय मिलेगा। |
| कन्या | नयी आशाएँ उदित होंगी,धनागम के अवसर बढ़ेंगे,अवसरों का फायदा उठावें,परिवार में मांगलिक कार्य होगा। |
| तुला | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट। |
| वृश्चिक | हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा। |
| धनु | निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| मकर | थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख,व्यापारिक यात्रा लाभप्रद होगी। |
| कुंभ | अव्यवस्थित दिनचर्या,शारीरिक कष्ट,वाहन दुर्घटना भय,खर्च अधिक होगा। |
| मीन | घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है। |

# गिरिडीह में हत्या के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग, थाना का किया घेराव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के कबरीबाद (चिलगा) निवासी दामोदर यादव की हत्या के विरोध में ग्रामीण सड़क पर उतर आये। ग्रामीणों ने मुफस्सिल थाना का घेराव किया और थाने के सामने ही सड़क जाम कर दिया।

**एसडीपीओ ने लोगों को समझाने का किया प्रयास :** वहीं लोगों के आक्रोश को देखते हुए सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में पुलिस टीम आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास करती रही। पुलिस का कहना है कि जितने भी आरोपियों को पकड़ा गया है सभी को सजा दिलवायी जायेगी। एसडीपीओ ने लोगों से कानून हाथ में नहीं लेने की अपील की।



**जानिए क्या है पूरा मामला :** बता दें कि शनिवार की शाम को कबरीबाद निवासी दामोदर यादव पर जानलेवा हमला किया गया था। दामोदर पर चाकू से वार किया गया था। इस मामले में दो लोगों को ग्रामीणों ने घटनास्थल पर ही पकड़ लिया था। इसके बाद एसपी ने विशेष टीम गठित की थी और चंद घंटे में मुख्य आरोपी समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

**विधायक जयराम ने ली घटना की जानकारी :** दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने के बाद डुमरी विधायक जयराम महतो भी पहुंचे. जयराम ने पीड़ित परिजनों और स्थानीय लोगों से बात की और पुलिस पदाधिकारी से भी कार्रवाई की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि घटना निंदनीय है।

# गोल प्रतिभा खोज मुख्य परीक्षा में शामिल हुए 38 हजार से अधिक छात्र

### अच्छी रैंक लाने वाले छात्रों को लैपटॉप, टैब और अन्य पुरस्कार दिये जायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गोल इंस्टीट्यूट द्वारा बिहार, झारखंड, ओड़िशा, वेस्ट बंगाल, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के 6ठी से लेकर 12वीं तक पढ़ाई कर रहे छात्रों के टैलेंट को जाच कर उसे निखारने का काम कर रहे गोल प्रतिभा खोज परीक्षा का मुख्य एग्जाम 22 दिसंबर को लिया गया। जीटीएसइ की मुख्य परीक्षा को लेकर छात्रों के बीच एक अलग उत्साह के साथ भविष्य में नयी ऊंचाइयों को छूने का प्रयास देखने को मिला।

गोल इंस्टीट्यूट की ओर से यह परीक्षा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है जिसमें साइंस में रुचि रखने वाले छात्र भाग लेकर अपने प्रतिभा को जांचने के साथ-साथ गोल संस्थान द्वारा दिशानिर्देश पाकर अपने सपने को साकार कर रहे हैं।

गोल प्रतिभा खोज परीक्षा के महत्व को बताते हुए गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विपीन सिंह बताते हैं कि पिछले 16 वर्षों से आयोजित की जा रही इस परीक्षा के माध्यम से अब तक सैकड़ों छात्रों के प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन के माध्यम से निखारते हुए मेडिकल, इंजीनियरिंग, सिविल सर्विसेज एवं कई अन्य प्रतियोगिता



में सफलता प्राप्त करने में सहयोग दिया गया है। जिसके कारण छात्र प्रत्येक वर्ष टॉप मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं सिविल सर्विसेज में सफलता के परचम लहराये हैं।

गोल प्रतिभा खोज परीक्षा के मुख्य एग्जाम से संबंधित जानकारी देते हुए गोल इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि यह परीक्षा बिहार, झारखंड, ओड़िशा, वेस्ट बंगाल, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के जोन हेडक्वार्टर में लिया गया। प्री एग्जाम में जहां लगभग 1,50,800 छात्रों ने भाग लिया था वहीं मुख्य परीक्षा हेतु 38000 छात्रों को चयनित किया गया जिसे अलग-अलग जोन हेड क्वार्टर में लिया गया। मुख्य परीक्षा में चयनित हुए छात्रों को सेमिनार के माध्यम से मेडल, सर्टिफिकेट के साथ-साथ अच्छी रैंक लाने पर लैपटॉप, टैब एवं अन्य पुरस्कार दिये जायेंगे साथ ही गोल के द्वारा आयोजित सेमिनार में भविष्य में होनेवाले प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स एवं दिशानिर्देश दिये जायेंगे।

गोल संस्थान के आनंद वत्स बताते हैं कि मुख्य परीक्षा में सफल छात्रों को गोल संस्थान के कोर्सेज में स्कॉलरशिप दी जायेगी जिसका छात्रों को तैयारी में महत्वपूर्ण सपोर्ट मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश कोई छात्र गोल प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल नहीं हो पाये, तो वैसे छात्र गोल के द्वारा प्रत्येक रविवार को आयोजित गोल स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेकर गोल के कोर्सेस में स्कॉलरशिप का लाभ ले सकते हैं।

मुख्य परीक्षा का रिजल्ट और सेमिनार की जानकारी जल्द ही मैसेज के द्वारा तथा www.gtse.in website पर दे दी जायेगी।

# ऐड ऑल्र्ड कंपनी के नेशनल प्रमोटर भारत बिजनेस अवार्ड से सम्मानित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के ऐड ऑल्र्ड कंपनी ऑनलाइन मार्केटिंग में आज पूरे भारत में परचम लहरा रहा है। यही कारण है कि ऐड ऑल्र्ड कंपनी के नेशनल प्रमोटर को मास्टर ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड और उनके टीम को दिल्ली में भारत बिजनेस अवॉड्र्स मिला है। प्रमोटर को मास्टर ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड और भारत बिजनेस अवॉड्र्स ताइकी मीडिया लिमिटेड के द्वारा दिया गया है। इस अवाड्र्स समारोह में देश भर से कई बिजनेसमैन शामिल हुए थे।

ऐड ऑल्र्ड के नेशनल प्रमोटर असित चक्रवर्ती ने बताया कि हमारी कंपनी 5 साल पहले झारखंड के रांची से शुरूआत की थी। आज पूरे भारत में हमारी कंपनी का अलग पहचान बन गयी है। हालांकि असित ने बताया कि हमारी टीम 25 सालों से नेटवर्किंग के काम कर रही है। आज इस कंपनी में झारखंड ओड़िशा, बंगाल, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, गुजरात और अन्य कई राज्यों के लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐड ऑल्र्ड कंपनी पर्सनल केयर, आयुर्वेद केयर और किचन केयर पर काम कर रही है। आज इस कंपनी को देशभर लोगों का काफी प्यार मिल रहा है।

# संत जेवियर्स कॉलेज के शिक्षा विभाग में वार्षिक क्रिसमस मिलन समारोह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के शिक्षा विभाग द्वारा वार्षिक क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन खुशी, सौहार्द और उल्लास के साथ किया गया। इसे शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ फ्लोरेंस पूर्ति एसजे के नेतृत्व में प्रो सुधा रानी खलखो और प्रो शिल्पा किंडो ने संचालित किया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा एसजे, उपप्राचार्य डॉ फादर प्रदीप कुजूर एसजे, उप प्राचार्य (इवनिंग)डॉ फादर अजय अरुण मिंज एसजे, डॉ फादर केनेडी सोरेन एसजे, डीएसडबल्यू डॉ संजय सिन्हा और डॉ. मार्कस बारला उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत और प्रार्थना से हुई। इसके बाद एडवेंट कैंडल्स को जलाने और क्रिब का आशीर्वाद कर प्राचार्य ने क्रिसमस का संदेश




और इसके महत्व को समझाया। उप प्राचार्य डॉ फादर प्रदीप ने क्रिसमस का धार्मिक संदेश दिया। शिक्षा विभाग के संकाय सदस्यों ने क्रिसमस कैरोल गाया। उसके बाद गैर-शिक्षण कर्मचारियों और हॉस्टल छात्रों ने भी कैरोल प्रस्तुत किया। इसके बाद, शिक्षा विभाग के छात्रों द्वारा यीशु मसीह की जन्म कथा को हिंदी नाटक के रूप में प्रस्तुत किया गया। छात्रों द्वारा एक अंग्रेजी हास्य नाटक 'मदर्स डे' का मंचन भी किया गया। उप प्राचार्य डॉ अजय ने आशा और प्रेम का सुंदर संदेश दिया। इसके बाद छात्रों ने एक नृत्य प्रदर्शन किया। इस आयोजन का समापन प्रोफेसर सुधा रानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

कार्यक्रम में डॉ अनुपमा भार्गव, डॉ नीलिमा ज्योत्सना टोपो, डॉ नंदिता पांडे, डॉ सुधांशु सिरिल कुजूर, प्रोफेसर विक्रम बहादुर नाग, प्रोफेसर पंकज कुमार, प्रोफेसर जगबंधु महतो और प्रोफेसर रमा भट्टाचार्य भी उपस्थित थे।






# राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव में लोगों ने की जमकर खरीदारी

**मेले में पारंपरिक स्वाद और सांस्कृतिक धरोहर मुख्य आकर्षण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी में आयोजित राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2024-25 का तीसरा दिन उत्साह और जीवंतता से भरा रहा। रविवार होने के कारण, मेले में लोगों की भीड़ पहले दो दिनों की तुलना में कहीं अधिक थी। खादी मेले में रविवार को लोगों ने जमकर खरीददारी की। मेले में पारंपरिक स्वाद और सांस्कृतिक धरोहर मुख्य आकर्षण रहा। पलाश दीदी कैफे, जहां रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, हजारीबाग और खूंटी की महिलाओं ने पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखाया। विशेषकर, लोहरदगा की महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा सजाया गया मांदर स्टॉल लोगों का केंद्र रहा। इस स्टॉल ने क्षेत्रीय सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप दिया और दर्शकों ने मंदर की शिल्पकला और इसके इतिहास में गहरी रुचि दिखायी। महोत्सव में विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल भी लगाये गये, जो लोगों के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं।

**कौन से लगाये गये हैं सरकारी स्टॉल :** झारखंड टूरिज्म विभागः इस स्टॉल पर राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों और झारखंड की भित्तिचित्र परंपराओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

**स्वास्थ्य विभागः** यहां लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध है।

**सूचना एवं जनसंपर्क विभागः** इस स्टॉल पर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है और जन शिकायतों के लिए एक व्हाट्सएप नंबर भी उपलब्ध कराया गया है। **प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनाः** इस योजना के तहत उद्योग स्थापित करने की जानकारी भी यहां मिल रही है। **पुस्तक स्टॉलः** पुस्तक प्रेमियों के लिए विभिन्न प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध हैं। **प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालयः** मानसिक स्वास्थ्य और शांति के बारे में जानकारी प्रदान कर रहा है।

## कला और संस्कृति का दिखा समागम

कला और संस्कृति विभाग द्वारा दीनबंधु ठाकुर एव दल, झारखंड कला मंदिर द्वारा नागपुरी लोक नृत्य और गीत की प्रस्तुति ने महोत्सव में चार चांद लगा दिये। इसके अलावा, बच्चों के लिए आयोजित म्यूजिकल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# श्रीराम कृष्ण सेवा संघ ने बांटे कंबल और गर्म वस्त्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वामी रामकृष्ण परमहंस की धर्मपत्नी एवं विश्व विख्यात धार्मिक-आध्यात्मिक महिला माता शारदा की 172वीं जयंती के अवसर पर श्रीरामकृष्ण सेवा संघ की ओर से खूंटी जिलांतर्गत मुरहू प्रखंड के गम्हरिया, बिछना, पांडू, जलटंडा आदि ग्राम में गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर खूंटी के जाने-माने दंत रोग चिकित्सक डॉ बी अनिल कुमार ने कहा कि गरीब, लाचार और जरूरतमंद लोगों की मदद करना सच्ची मानव सेवा है। पीड़ित मानवता की सेवा के प्रति समर्पण की भावना से आत्मसंतुष्टि मिलती है। मौके पर श्रीराम कृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषार कांति शीट ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। कार्यक्रम को सफल बनाने में तन्मय मुखर्जी, सजल बनर्जी, मुनमुन घोष, पवन कुमार कश्यप, आलोक मजूमदार, आनंद रंजन घोष सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### दो दिवसीय स्नेह वार्षिकोत्सव का सफल आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स, स्नेहकुल पब्लिक हाइस्कूल, संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं संतोष इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय स्नेह वार्षिकोत्सव का सफल आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा एवं सम्मानित अतिथि के रूप में एडीजी झारखंड प्रिया दुबे उपस्थित थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव के समापन समारोह में अतिथियों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, पेंटिंग, ट्राइबल फूड प्रदर्शनी, वाद-विवाद, फैंसी ड्रेस, फोटोग्राफी, एकल एवं समूह नृत्य, एकल एवं समूह गीत, फैशन शो एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न विभाग के टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा संस्थान की त्रैमासिक पत्रिका ज्ञान पीयूष का विमोचन किया गया।

### प्राचार्य एकादश मैत्री मैच में मारवाड़ी कॉलेज विजयी



रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी कॉलेज, रांची और योगदा सत्संग महाविद्यालय, धुर्वा, रांची के प्राचार्य एकादश के मध्य 16-16 ओवर का मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। कांटे की टक्कर वाले रोमांचक मैच में मारवाड़ी कॉलेज विजयी हुआ। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मारवाड़ी कॉलेज की टीम ने 8 विकेट पर कुल 122 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी योगदा सत्संग महाविद्यालय की टीम ने संघर्षपूर्ण मैच में 117 रन बनाकर अंतिम ओवर में सिमट गयी। मारवाड़ी कॉलेज की ओर से जितेंद्र गोप ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवरों में 5 विकेट चटकाया। इस फ्रेंडशिप मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मारवाड़ी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार ने मैच संपन्न होने के बाद दोनों टीमों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह का खेल आयोजन संस्थाओं के बीच संबंध को प्रगाढ़ करता है। इस अवसर पर उपस्थित योगदा सत्संग महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ प्रगति बक्शी और सचिव अभिजीत घोष ने दोनों टीमों को बधाई दी। प्रो संतोष रजवार की अगुवाई में मारवाड़ी कॉलेज की टीम एकादश में स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ राहुल कुमार, प्रो रोनाल्ड खलखो, डॉ राजीव चंद्र रजक, डॉ कृष्णकांत, विनय विश्वकर्मा, काफिलुद्दीन, मुकेश कुमार शर्मा, जितेंद्र गोप, हरेंद्र गोप और सतीश मिंजुर और डॉ मृणाल गौरव की अगुवाई में योगदा सत्संग महाविद्यालय की ओर से डॉ रत्नेश पाठक, डॉ अभिषेक पांडेय, प्रो संतोष कुमार सिंह, प्रो अभिषेक विश्वकर्मा, प्रो पार्थ सारथी, डॉ अनुराग मेहता, प्रो अनुपम मिश्र, डॉ अंकित, डॉ कंदर्प विद्यासागर, सौरव नाग, राजेश कुमार, अमित कुमार सिंह, विकास कुमार और प्रो अशोक प्रामाणिक टीम में शामिल थे।

# बिजारे फैशन शो का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइआइसीसी और आइएनआइएफडी संस्थान द्वारा आयोजित बिजारे -24 धूमधाम से संपन्न हो गया। इसमें फैशन डिजाइनिंग विंग के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल्स के साथ शानदार प्रदर्शन किया साथ ही इंटीरियर डिजाइनिंग विंग के विद्यार्थियों ने भी कई मॉडल बनाये जो की सराहनीय था। इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर महबूब आलम ने मुख्य अतिथि अजय नाथ शाहदेव एवं अन्य को शाल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया। हर राउंड से डिजाइनर एवं मॉडल को विजेता घोषित किया गया और उन्हें मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट्स दिये गये। इसमें सबसे सफल मॉडल को मिस्टर बिजारे -24 और मिस बिजारे -24 के खिताब से भी नवाजा गया। मिस्टर बिजारे- सुमित एवं मिस बिजरे- श्रेया को ये उपाधि मिली। बिजारे 24 फैशन शो का आयोजन होटल रेडिशन ब्लू में किया में गया। इसमें प्रतिभागियों को 5 अलग-अलग थीमों में 5 राउंड दिया गया।

## बिजारे शो के विजेता

1. आइवरी टेल्स राउंड में प्रथम पुरस्कार - मो. तहसीम , द्वितीय पुरस्कार - रानी राज रोशन, तृतीय पुरस्कार - विनीश फातिमा ।
2. एलिगेंस इन आर्ट राउंड में प्रथम पुरस्कार - सिमरन कुमारी, द्वितीय पुरस्कार - कीर्ति सिंह , तृतीय पुरस्कार - विनीश फातिमा।
3. अरेबियन नाइट्स राउंड में प्रथम पुरस्कार- रूबी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार- सद्दाम अंसारी, तृतीय पुरस्कार- वेदिका हेतमसरिया ।
4. ब्रेक द आइस राउंड में प्रथम पुरस्कार- सुमित्रा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार - वंदना सिन्हा, तृतीय पुरस्कार-पूजा कुमारी।
5. डाइ हार्ड राउंड में प्रथम पुरस्कार - वर्षा प्रिया, द्वितीय पुरस्कार- तासनिआ खातून, तृतीय पुरस्कार-विनीता कुमारी।

स्टूडेंट ऑफ द इयर- कृति सिंह

बेस्ट अटेंडेंस अवार्ड फैशन विंग- अहाना सासमल

बेस्ट अटेंडेंस अवार्ड इंटीरियर विंग - शशि प्रिया , मुस्कान कुमारी।

बेस्ट मॉडल ग्रुप- शशि प्रिया एंड ग्रुप

बेस्ट इंडिविजुअल मॉडल- दरक्शा नाज

## देश भर की महिला इतिहासकारों का महाधिवेशन 11-12 जनवरी को रांची में

रांची (आजाद सिपाही)। इतिहास संकलन समिति झारखंड की ओर से रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नयी दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव हेमंत धींग मजूमदार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। यह बैठक ऑनलाइन की गयी। इस बैठक में रांची में 11 जनवरी से लेकर 12 जनवरी 2025 तक होनेवाले भारतीय महिला इतिहासकारों के सम्मेलन की तैयारी का जायजा लिया गया। इस क्रम में यातायात व्यवस्था, आवास व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था प्रकाशन, भोजन व्यवस्था आदि पर चर्चा की गयी। बैठक में हेमंत धींग मजूमदार द्वारा बहुमूल्य परामर्श दिये गये, जिन पर आगे काम करने की बात की गयी। ऑनलाइन मीटिंग में इतिहास संकलन समिति के बिहार झारखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ राजकुमार के अलावा क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ सुरेश पांडेय, डॉ अनुराधा राजहंस, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिवाकर मिंज, सचिव पंकज कुमार, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ संजय कुमार, बैजयंती रानी, हेमराज, वीपिन, शुभ्रा लकड़ा, किरण गुप्ता, प्रिया टोप्पो, डॉ नेहा नुपूर इत्यादि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन इतिहास संकलन समिति झारखंड के महामंत्री डॉ मृत्युंजय कुमार द्वारा किया गया।

# टीआरएल संकाय के नागपुरी विभाग ने जीता गोल्ड मेडल

**रांची यूनिवर्सिटी का इंटर कॉलेज यूथ फेस्ट रीझ-रंग की धूम**

**8 से 12 जनवरी 2025 तक पश्चिम बंगाल के निवेदिता विश्वविद्यालय में होने वाले युवा महोत्सव में करेंगे अपनी कला का प्रदर्शन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी का इंटर कॉलेज यूथ फेस्ट रीझ-रंग 2024-25 में स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग के छात्रों ने लोक नृत्य प्रतियोगिता के तहत 'कलशा नृत्य' में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। बता दें कि स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग के छात्र-छात्राओं ने कलशा नृत्य की शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। इस बेहतरीन प्रदर्शन पर टीम मैनेजर डॉ बीरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि यह तो आगाज है अंजाम अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम आगामी 8 से 12 जनवरी 2025 तक पश्चिम बंगाल के निवेदिता विश्वविद्यालय में होने वाले युवा महोत्सव में गोल्ड हासिल कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी संस्कृति की छाप छोड़नी है। विभाग प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नंद तिवारी एवं डॉ रीझू नायक ने संयुक्त रूप से कहा कि नागपुरी विभाग में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हमारे छात्रों में अपार क्षमता है। उन्होंने कहा कि हमें पूरा भरोसा व विश्वास है कि इस बार पश्चिम बंगाल के निवेदिता विश्वविद्यालय में हमारे नागपुरी विभाग के छात्र परचम लहराएंगे। वहीं दूसरी ओर छात्रों के इस बेहतरीन प्रदर्शन व उपलब्धि पर पूरे संकाय में खुशी की लहर है। रवि कुमार, पूनम भगत, अनुप गाड़ी, राजकुमार, प्रभा हेमरोम, बसंती मुंडा, चंदा देवी ने सबों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

विजयी नृत्य दल में सरस्वती कुमारी, आरती लिंडा, काजल कुमारी, संगीता कुमारी, कल्पना उरांव, प्रीति लकड़ा, सोनी कुमारी, गुड़िया कुजूर, सुहानी लिंडा, उषा कुमारी एवं ढांक, नगाड़ा, झांझ व शहनाई पर क्रमशः सुनील कुमार महतो, सोनू सपवार दीपक उरांव आशीष महतो मुख्य थे।

### तुलसी पूजन दिवस मनाने को लेकर हिंदू जागरण मंच की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। हिंदू जागरण मंच, रांची महानगर की एक बैठक रविवार को विशालाक्षी बैंक्वेट हाल में आयोजित की गयी। इसमें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 दिसंबर को तुलसी पूजन सह स्नेह मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। महानगर अध्यक्ष निशांत चौहान ने बताया कि लगातार 20 वर्ष से हिंदू जागरण मंच के इस वार्षिक कार्यक्रम में हिंदू समाज के सभी संगठन, कार्यकर्ता, आम लोग उपस्थित होते हैं और भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। उसी का फल है कि अब घर-घर में तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। बैठक में प्रमुख रुप से प्रदेश संयोजक ऋषिनाथ शाहदेव, हिंदू जागरण मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुजीत सिंह, राकेश कर्ण, सोनू कुमार, चंदन मिश्रा, निशांत यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 181वां निःशुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण हुआ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेसीआइ रांची उड़ान के सौजन्य से श्रीकृष्ण प्रणामी परिवार के सदस्यों द्वारा 181वां निःशुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। रविवार को सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम के प्रांगण में 1100 से अधिक श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जेसीआइ रांची उड़ान की अध्यक्ष ट्विंकल छावनिका सचिव आदिति मेवाडा, अनिता अग्रवाल, सुधा गोयनका, उषा खेमका और भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, सह संयोजक पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी की देखरेख में भंडारे का उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। भंडारे की सेवा में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, विशाल जालान, पवन पोद्दार (ताउ), सुरेश अग्रवाल, सजन पाड़िया, प्रभाष गोयल, चंद्रदीप साहू, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा, महिला समिति की सरिता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, बबीता गुप्ता, उर्मिला पाड़िया, अमिता जालान उपस्थित थीं। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

# सेवन स्टार्स एकेडमी ने वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को सेवन स्टार्स एकेडमी हेहल रांची में 13वां वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर उद्घाटन सत्र में डॉक्टर एसपी अग्रवाल वीसी साईंनाथ यूनिवर्सिटी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉक्टर भूपेश कुमार प्राचार्य आइएचएम रांची और डॉक्टर हरि उरांव रांची यूनिवर्सिटी रांची ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अतिथियों को विद्यालय के निदेशक डॉक्टर बिंदेश्वर बेक ने बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर बिंदेश्वर बैंक ने कहा कि सेवेन स्टार्स अकादमी की स्थापना वर्ष 2011 में हुई। उस समय से लगातार विद्यालय उत्तरोत्तर अग्रसर बढ़ता जा रहा है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे आज पिछले 13 सालों में हजारों की संख्या में इंजीनियरिंग, मेडिकल ,डिफेंस और सरकारी नौकरी के क्षेत्र में अपना मुकाम बनाये हैं। उप प्राचार्या रीतू प्रिया ने कहा कि विद्यालय के बच्चे सालों भर खेलकूद एवं सीबीएसइ के द्वारा निर्देशित को करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेते हैं। विद्यालय में मैट्रिक के छात्रों का प्राप्तांक 96% से 98% तक रहा है। 12वीं के छात्रों के द्वारा भी अच्छे अंकों से बच्चे 94 %से 96% अंकों से पास होते हैं।

### क्लूनी कान्वेंट स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। क्लूनी कान्वेंट स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि सुबोध कांत सहाय तथा आलोक कुमार दुबे थे। सम्मानीय अतिथि के रूप में लाल किशोर नाथ शाहदेव, दिलीप खल्को और डॉ कुमार संजय थे। इस मौके पर बच्चों ने जलसंरक्षण, जैविक खेती, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण, सोशल मीडिया, सिंड्रेला तथा सभी राज्यों को नृत्य के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर खेल के क्षेत्र में, योग के क्षेत्र में तथा शैक्षणिक क्षेत्र में, अव्वल आने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया। स्कूल की प्रधानाध्यापिका सिस्टर अमृता ने स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा ऑफीस कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना की।

# आइएमएस में बिजनेस प्लान कंपटीशन 24 का आयोजन, आठ बिजनेस आइडिया का प्रजेंटेशन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइएमएस संस्थान के बिजनेस क्लासरूम में बिजनेस प्लान कंपटीशन 24 का आयोजन किया। इस बिजनेस प्लान कंपटीशन में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज के छात्रों के 8 ग्रुप द्वारा अपने स्टार्टअप आइडिया का प्रेजेंटेशन दिया गया। इस कंपटीशन में बेस्ट 3 स्टार्टअप आइडिया को 5 -5 हजार की कैश इनाम दिया जायेगा। फाइनल राउंड में विजेता स्टार्टअप को अपने स्टार्टअप को बढ़ाने हेतु वित्तीय सहायता एवं सभी प्रकार की सलाह प्रदान की जायेगी। बिजनेस प्लान कंपटीशन का अध्यक्षता इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज के निदेशक एवं स्टार्टअप सेल के चेयरमैन डॉ वी एस तिवारी ने किया। बतौर जूरी मेंबर के रूप में एसटीपीआइ, मिनिस्ट्री ऑफ आइटी के असिस्टेंट डायरेक्टर एवं स्टार्टअप सेल, आइएमएस के सदस्य शुभ मिश्रा, स्टार्टअप एक्सपर्ट एवं मेंबर स्टार्टअप सेल, आइएमएस किंगसुक बनर्जी एवं रांची विश्विद्यालय के नोडल अधिकारी एवं स्टार्टअप सेल के सदस्य सचिव डॉ रणधीर कुमार रहे।

बिजनेस प्लान कंपटीशन में छात्रों संबोधित करते हुए शुभ मिश्रा ने कहा कि आपके बेहतरीन स्टार्टअप को सहयोग करने हेतु हम तैयार हैं, सरकार के द्वारा वित्तीय सहयोग प्रदान करेंगे। एक बेहतर स्टार्टअप हेतु मिशन एवं विजन का क्लियर होना जरूरी है।

स्टार्टअप एक्सपर्ट किंगसुक बनर्जी ने कहा कि एक बेहतर स्टार्टअप हेतु पॉजिटिव माइंडसेट होना जरूरी है। बिजनेस प्लान, मार्केट प्लान, आइडिया का क्लियर होना जरूरी है। स्टार्टअप एंड इंटरपैनोरशिप सेल की गठन की सहमति प्रदान की गयी है। 12 सदस्यीय टीम में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा संरक्षक, निदेशक, आइएम एस डॉ वीएस तिवारी अध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी, लैंग्वेज लैब रांची विश्विद्यालय डॉ रणधीर कुमार सदस्य सचिव हैं।

# संगठन महापर्व सदस्यता अभियान चलाया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा सुखदेव नगर मंडल दक्षिणी भाग के अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 12 शक्ति केंद्र पर किया गया। इस मैके पर मुख्य रूप से रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, महामंत्री बलराम सिंह, महानगर के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय जयसवाल, निरंजन पासवान, प्रदेश के रोहित राज पांडे, वार्ड 27 के निवर्तमान पार्षद ओमप्रकाश, उपाध्यक्ष राजू सोनू सिंह, शुभम जायसवाल, दक्षिणी मंडल के सदस्यता संयोजक अशोक पांडे, महामंत्री राजकुमार जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार मिश्रा, सुनील साहू, आनंद तिवारी आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी

# हमारे बीच प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारा कभी कम नहीं होना चाहिए : हेमंत





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन मिले आर्चबिशप विंसेंट आइंद से**

**प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन और सुख, समृद्धि की कामना की**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप विंसेंट आइंद से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किये। मौके पर आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे झारखंड वासियों को क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन डॉ. कामिल बुल्के पथ स्थित लोयला मैदान, रांची में आयोजित क्रिसमस उत्सव -2024 में भी सम्मिलित हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि क्रिसमस पर्व के माध्यम से एक शुभ संदेश समाज तक पहुंचता है। हमारे जीवन में मान-सम्मान, आदर, सद्भाव एवं एकजुटता महत्वपूर्ण अंग है। हमसभी के बीच प्रेम, आपसी सौहार्द्र और भाईचारा कभी कम न हो। हम सभी मिलकर इस मानव जीवन में सुख, समृद्धि एवं एकता के साथ जीवन व्यतीत करें, यही प्रभु यीशु से आज के इस पावन अवसर पर कामना करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार हम सभी लोग धूमधाम से क्रिसमस पर्व को मनायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी ओर से पूरे राज्य वासियों को क्रिसमस पर्व की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, बिशप विंसेंट आइंद, बिशप बीबी बास्के, फादर आनंद डेविड खलखो, फादर अजित खेस, डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर, फादर आनंद डेविड खलखो, फादर अजीत कुमार खेस, फादर मुकुल कुल्लू, फादर सहदेव प्रजापति, फादर सुशील बेक, फादर सेबासटीएन तिर्की, फादर वाल्टर किसपोट्टा, फादर अंजुलुस एक्का, फादर विनय करकेट्टा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संताल परगना के 169वें स्थापना दिवस पर स्पीकर ने प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने संताल परगना के 169वें स्थापना दिवस पर प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि एक जिले के रूप में गठित संथाल परगना को अब प्रमंडल का दर्जा हासिल है। संताल परगना का गठन एक खास जिले के रूप में 22 दिसंबर 1855 को हुआ था। अमर शहीद सिद्धू-कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में हुए हूल के परिणामस्वरुप इसका गठन हुआ था। करीब 6 माह से अधिक समय तक चले इस सशस्त्र संघर्ष के बाद 22 दिसंबर 1855 को भागलपुर और बीरभूम जिले के बड़े भू-भाग को संताल परगना जिला घोषित किया था। देश को वीरों की इस धरती झारखंड ने वीर सिदो-कान्हू मुर्मू , चांद-भैरव, बाबा तिलका मांझी व फूलो-झानो समेत कई क्रांतिकारी दिये। आप सभी को पुनः इस विशेष दिन की शुभकामनाएं और जोहार।

## समाज का अभिन्न हिस्सा हैं दिव्यांग : संजय सेठ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सीआरसी रांची में गेल इंडिया ने दिव्यांगजनों के बीच उपकरण वितरित किये**

**नामकुम।** गेल इंडिया लिमिटेड ने अपने नियमित सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत रविवार को सीआरसी नामकुम रांची के सहयोग से दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किये। यह कार्यक्रम सीआरसी नामकुम परिसर में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों ने किया। जहां गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित उपकरण प्रदान किये गये। इस अवसर पर 86 बैट्री चालित ट्राइसाइकिल, 3 जॉय स्टिक, 49 ट्राइसाइकिल, 18 व्हीलचेयर, 49 वॉकिंग स्टिक, 3 रोलैटर, 22 हियरिंग एड, 3 सीपी चेयर, 5 सुगमा कैन, 3 स्मार्टफोन और 18 टीचिंग एवं लर्निंग किट्स वितरित की गयीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री और सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र में दिव्यांग भाई-बहनों के लिए 50 लाख रुपये के उपकरण वितरित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और केंद्र सरकार उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथि पांकी के विधायक शशि भूषण मेहता ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम अन्य जिलों में भी आयोजित होने चाहिए। उन्होंने सरकार के प्रयासों की सराहना की। सीआरसी रांची के निदेशक सूर्यमणि प्रसाद ने बताया कि ये उपकरण दिव्यांगजनों को न केवल दैनिक जीवन में बल्कि रोजगार में भी मदद करेंगे। उन्होंने सीआरसी द्वारा दिव्यांगजनों को कौशल प्रशिक्षण में सहायता देने की भी बात कही। कार्यक्रम में गेल इंडिया के महाप्रबंधक दीनबंधु सोरेन, एएलआइएमसीओ के वरिष्ठ प्रबंधक अशोक कुमार, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, प्रभाष झा, सुबोध सिंह टनटन, दिलीप साहू, प्रज्ञा भारती, सरोज राय, गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मैत्री क्रिकेट मैच में ट्रेजरर 11 की टीम ने दर्ज की जीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** सीआइटी संस्थान में चल रहे पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के बीच रविवार को प्रबंधन और शिक्षकों के बीच एक रोमांचक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मुकाबला ट्रेजरर 11 और भीपी 11 टीमों के बीच खेला गया। जिसमें ट्रेजरर 11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। मैच की शुरूआत में भीपी 11 टीम के कप्तान और संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी ट्रेजरर 11 टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर कुल 92 रन बनाये। टीम के कप्तान नवनीत सिंह जो कि कैंब्रिज ट्रस्ट के ट्रेजरर हैं। उन्होंने टीम को बेहतर स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इसके जवाब में भीपी 11 की टीम ने संघर्षपूर्ण प्रयास किया। लेकिन 7 विकेट के नुकसान पर 80 रन ही बना पायी और 12 रनों से हार गयी। संस्थान के छात्रों और शिक्षकों ने इस रोमांचक मैच का जमकर आनंद लिया और दोनों टीमों के खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना की सराहना की।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

प्रिय किसान भाईओं
जोहार!



कोई भी राष्ट्र किसान के बिना पूरी तरह से प्रगति नहीं कर सकता। और हमारा झारखण्ड भी एक कृषि प्रधान राज्य है। आपकी कड़ी मेहनत के बदौलत आज झारखण्ड ही नहीं पूरा भारत प्रगति कर रहा है।

झारखण्ड सरकार की उपलब्धियां :-

- झारखंड राज्य दलहन उत्पादकता में भारत में ही नहीं विश्व में अव्वल है।
- मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर एवं केज कल्चर विधि से मत्स्य उत्पादन में अगुआ है।
- झारखण्ड सब्जियों के उत्पादन में भी आज आत्मनिर्भर एवं सब्जिओं का निर्यात दूसरे राज्यों में और विदेशों में भी।
- झारखण्ड राज्य सुकर उत्पादन एवं लाह उत्पादन में भी पुरे भारत में अव्वल है।
- आने वाले वर्षो हमारा राज्य मोटे अनाज के उत्पादन में, दुग्ध उत्पादन में तथा पशुधन उत्पादन में भी अव्वल स्थान पर होगा।

झारखण्ड सरकार द्वारा चलायी जा रही मुख्य कल्याणकारी योजनाएं :-

- कृषि ऋण माफी योजना
- समेकित बिरसा ग्राम सह कृषक पाठशाला
- सब्सीडी दर पर बीज वितरण
- उद्यान विकास, शीत एवं कोल्ड रूम का निर्माण
- टपक सिंचाई, तालाबों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार
- किसान समृद्धि योजना
- FPO को सहायता अनुदान
- झारखण्ड मिलेट मिशन,
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना
- ग्रामीण गोदामों का निर्माण
- कृषि ऋण पर ब्याज की माफी
- दुग्ध उत्पादकों को 5 रूपए प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि
- मत्स्य कृषकों के लिए केज कल्चर
- Bioflock विधि से मत्स्य पालन
- मत्स्य विपणन की सुविधा
- मछली बीज वितरण इत्यादि।

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

आप सभी को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से किसान दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

आप अपने किसी भी कृषि से संबधित समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री कृषक सहायता हेल्प लाइन नंबर 0651-2490542/ 2491642 या किसान कॉल सेण्टर टोल फ्री नंबर–18001231136 कॉल करें तथा पशुधन स्वास्थ्य समस्या या पशु चलंत क्लिनिक सेवा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करें।

शिल्पी नेहा तिर्की
माननीय मंत्री
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
झारखण्ड सरकार

P.R. 342645 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25

# उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ा दाखिलों का ग्राफ

उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिलों का ग्राफ इस अकादमिक सत्र 2024-25 में चढ़ा है। खासकर उत्तर भारत में हरियाणा, दिल्ली और पंजाब के उच्च शिक्षण संस्थानों में एक दशक के बाद रौनक लौटी है। तकनीकी शिक्षण संस्थानों में दाखिला वर्ष 2024-25 में औसतन 15 फीसदी दाखिले अधिक हुए हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों से जुड़े विभिन्न एडेड एवं अन-एडेड संगठन इस बढ़त को राहत बताते हैं। इस औसतन दाखिला वृद्धि में यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन (यूजीसी) सहित विभिन्न अकादमिक रेगुलेरिटी बॉडीज की पहलकदमियां भी शामिल हैं। पंजाब के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में दाखिले बढ़ने से विभिन्न वर्ग में सकारात्मकता नजर आयी है। उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले बढ़ने का कारण कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में उच्च शिक्षा में दाखिले मुश्किल होना भी है। पंजाब सहित विभिन्न प्रदेशों से अधिकतर विद्यार्थी ओवरसीज एजुकेशन में रुचि रखने लगे हैं। यह एक वजह सही है, मगर बड़े स्तर पर भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों की रेगुलेरिटी बॉडीज द्वारा लिये गये अहम फैसले भी इस बार दाखिलों के बढ़ने में कारगर साबित हुए हैं। यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन (यूजीसी) की तरफ से वर्तमान अकादमिक सत्र 2024-25 के दाखिले आरंभ होने से पहले लिये गये साल में दो बार दाखिलों की अनुमति देना, नैशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत मल्टी एंट्री मल्टी एग्जिट सिस्टम लागू करना, बीवाक कोर्सेस में विश्वास बढ़ना, प्राइवेट सेक्टर सहभागिता होना, फैकल्टी एवं इंस्टीच्यूशन रैंकिंग होना, नैतिक शिक्षा का प्रसार होना, अंडर ग्रेजुएट कोर्सेस में सीट बढ़ोतरी करना, यूजीसी. डायरैक्ट मॉनिटरिंग होना भी दाखिला बढ़ोतरी के लिए सहायक सिद्ध हुआ है। यूजीसी की इन पहलकदमियों ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में भारतीय शिक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाया है। पंजाब की 4 तकनीकी यूनिवर्सिटीज आइके गुजराल पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी जालंधर-कपूरथला, महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी बटिंडा, सरदार बेअंत सिंह स्टेट टेक्निकल यूनिवर्सिटी गुरदासपुर, शहीद भगत सिंह स्टेट टेक्निकल यूनिवर्सिटी फिरोजपुर में इस बार औसतन 15 फीसदी दाखिलों में बढ़त दर्ज की गयी है। इन यूनिवर्सिटीज के पास करीब 1 लाख 5 हजार सीट्स विभिन्न कोर्सेस में हैं। इनमें एआइसीटीइ, यूजीसी, काऊंसिल फॉर आर्किटैक्ट फार्मेसी काऊंसिल इत्यादि से जुड़े कोर्सेस शामिल हैं। वर्तमान आंकड़ों के मुताबिक 60 हजार से अधिक सीटें भरी हैं, जो कि बीते वर्ष के मुकाबले लगभग 10 से 15 प्रतिशत अधिक हैं।

**उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले बढ़ने का कारण कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में उच्च शिक्षा में दाखिले मुश्किल होना भी है। पंजाब सहित विभिन्न प्रदेशों से अधिकतर विद्यार्थी ओवरसीज एजुकेशन में रुचि रखने लगे हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण के अनुसार बहुउद्देशीय पैक्स ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की आधारशिला बन जायेगी, जिसका लक्ष्य प्रत्येक गांव में कम से कम एक ऋण, डेयरी या मत्स्य सहकारी समिति होना है। यह पहल डेयरी, मत्स्य पालन, अन्य क्षेत्रों में ऋण पहुंच और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने पर केंद्रित है। देश के हर गांव और पंचायत को कवर करने के लिए 2 लाख नयी बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जारी है और यह पहल ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।**

# बहुउद्देशीय पैक्स- ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बदलाव का कारक



डॉ हेमा यादव



भारत में लगभग 2,70,000 ग्राम पंचायतें हैं, फिर भी इनमें से कई स्थानीय निकाय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस), डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों से वंचित हैं। ऋण, आवश्यक सामग्री, बाजार और रोजगार प्रदान करने में इन प्राथमिक-स्तर की सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए मोदी सरकार ने अब तक सरकारी संस्थाओं से वंचित ग्राम पंचायतों में नयी बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, यानि, बहुउद्देशीय पैस्क (एमपीएसीएस) और डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना लेकर आयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण के अनुसार बहुउद्देशीय पैक्स ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की आधारशिला बन जाएगी, जिसका लक्ष्य प्रत्येक गांव में कम से कम एक ऋण, डेयरी, या मत्स्य सहकारी समिति होना है। यह पहल डेयरी, मत्स्य पालन, अन्य क्षेत्रों में ऋण पहुंच और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने पर केंद्रित है ।

देश के हर गांव और पंचायत को कवर करने के लिए 2 लाख नयी बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जारी है और यह पहल ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस योजना को दो आयामी कार्ययोजना के साथ लागू किया जा रहा है; 1. अगले पांच वर्षों में सभी पंचायतों और गांवों को कवर करने वाली नयी बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना 2. मौजूदा सहकारी समितियों का सुदृढ़ीकरण।

**भारत के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन, पशुधन और मुर्गीपालन जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां हैं, जो आजीविका का स्रोत हैं।**

अगले पांच वर्षों में 70,000 बहुउद्देशीय पैक्स, 56,000 नई बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियां और 6,000 नयी बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने तथा मौजूदा समितियों को मजबूत करने का लक्ष्य है।

**मार्गदर्शिका का क्रियान्वयन**

इस योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा एक मार्गदर्शनिका का शुभारंभ किया गया है। इस पुस्तिका में मानक प्रक्रियाओं, लक्ष्यों, समयसीमाओं, विशिष्ट भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और एक निगरानी तंत्र की रूपरेखाएं दी गई हैं। बहुद्देशीय पैक्स के लिए दिशानिर्देशों ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों दोनों को योजना को संरचित तरीके से निष्पादित करने में सक्षम बनाया है। बहुद्देशीय पैक्स के गठन में नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी जैसे भागीदार सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना कोष, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की योजनाओं का अभिसरण है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर संतुलित विकास की सुविधा प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय समितियों के साथ-साथ अंतर-मंत्रालय समिति के माध्यम से प्रभावी समन्वय स्थापित किया गया है। सहकारिता मंत्रालय के द्वारा नियमित निगरानी और समर्थन इसके प्रभावी कार्यान्वयन को मजबूती प्रदान करता है।

**राज्यों की उपलब्धियां**

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार देश में 10,458 नये बहुउद्देशीय पैक्स पंजीकृत किये गये हैं। बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियों, बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समिति और बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के गठन से ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार होगा और लोगों के लिए अपार अवसर खुलेंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में छोटे और सीमांत किसानों, वंचित और कमजोर लोगों की भागीदारी में सुधार होगा।

आकांक्षी और वंचित जिलों और पंचायतों में बहुउद्देशीय पैक्स के माध्यम से सदस्य-केंद्रित और समावेशी विकास मॉडल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा।

उत्तराखंड ने 2018 से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के विविधीकरण और आधुनिकीकरण में अग्रणी भूमिका निभायी है। 2023 में मॉडल उपनियमों की शुरुआत ने सहकारी समितियों को बहुउद्देश्यीय कृषि सहकारी समितियों में विकसित होने के लिए प्रेरित किया। इन समितियों ने कंप्यूटरीकरण को अपनाया है, जिससे वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केंद्र, एलपीजी वितरण केंद्र और पेट्रोल खुदरा दुकानों को संचालित करने में सक्षम हो गये हैं। ओड़िशा में, 1,529 बहुउद्देशीय पैक्स हैं, जो आकांक्षी जिलों के साथ पूरी तरह से एकीकृत हैं, जो प्रभावी कार्यान्वयन और सार्थक क्षेत्रीय परिणाम सुनिश्चित करते हैं।

महत्वपूर्ण भौगोलिक और क्षेत्रीय असमानताओं की विशेषता वाले राजस्थान ने डेयरी सहकारी समितियों पर विशेष जोर देते हुए 738 बहुउद्देशीय पैक्स स्थापित किये हैं। इसी तरह, गुजरात और महाराष्ट्र बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार प्रगति कर रहे हैं।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा**

भारत के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन, पशुधन और मुर्गीपालन जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां हैं, जो आजीविका का स्रोत हैं। हालांकि ऋण और बाजार तक पहुंच में ग्रामीण क्षेत्रों को अक्सर बाधाओं का सामना करना पड़ता है। मॉडल उपनियमों के संबल से बहुउद्देशीय पैक्स राष्ट्रीय आर्थिक विकास में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की भागीदारी को बढ़ायेगा।

आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना, ऑनलाइन और भौतिक दोनों बाजारों तक बेहतर पहुंच, प्रौद्योगिकी का एकीकरण और कृषि मशीनीकरण को अपनाने से सप्लाई चेन में काफी मजबूती आयेगी, जिससे अंततः किसानों और उत्पादकों को फायदा होगा।

कृषि, डेयरी और मत्स्य पालन क्षेत्रों में खेत से लेकर खाने तक के बीच प्रभावी चेन या लिंकेज बनाने के लिए, एकत्रीकरण, कृषि-लॉजिस्टिक्स और उत्पादकों को बाजार की जानकारी प्रदान करना महत्वपूर्ण है, जिससे वे बेहतर रूप से बाजार की मांग को पूरा कर सकें। यह दृष्टिकोण लाखों उत्पादकों को अवसरों का लाभ उठाने और उन्हें उनके बाजारों का विस्तार करने, उनके उत्पादों को उचित मूल्य और स्थायी आय और आजीविका प्राप्त करने में सक्षम बनायेगा।

**(लेखिका : वीएएमएनआइसीओएम की निदेशक हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# चुनाव नियम बदलना सरकार की सोची-समझी साजिश है : खड़गे

**यह चुनाव आयोग की आजादी पर हमला**

**केंद्र ने कहा था - पोलिंग बूथ के फुटेज सार्वजनिक नहीं होंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वोटिंग नियमों में बदलाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर हमला किया है।

रविवार सुबह एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि पहले मोदी सरकार ने चीफ जस्टिस को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाले पैनल से हटा दिया था और अब वे चुनावी जानकारी को जनता से छिपाना चाह रहे हैं। यह सरकार की सोची-समझी साजिश है। जब भी कांग्रेस ने इलेक्शन कमीशन को वोटर लिस्ट से नाम हटाये जाने और इवीएम में ट्रांसपेरेंसी के बारे में लिखा, तो चुनाव आयोग ने अपमानजनक लहजे में जवाब दिया और हमारी शिकायतों को भी स्वीकार नहीं किया।

दरअसल, केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था।

अधिकारियों ने बताया कि एआइ के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। बदलाव के बाद भी ये कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं।

## राहुल गांधी के फैमिली लंच की तस्वीरें वायरल

# मां सोनिया, बहन प्रियंका और भांजी के साथ छोले-भटूरे खाये, रॉबर्ड वाड्रा भी थे



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को दिल्ली में परिवार संग छोला-भटूरा खाते दिखे। उनके साथ मां सोनिया, बहन प्रियंका गांधी, बहनोई रॉबर्ट वाड्रा, भांजी मिराहा भी थीं। रॉबर्ट वाड्रा की मां मौरीन भी मौजूद थीं।

राहुल पूरे परिवार के साथ लंच टाइम में कनॉट प्लेस पहुंचे। यहां के फेमस क्वालिटी रेस्टोरेंट में सभी ने छोला-भटूरा खाया। राहुल के लंच की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

# तहरीक-उल-मुजाहिदीन का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार



**ट्रांजिट रिमांड पर लाया जा रहा कश्मीर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस के जासूसी विभाग ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में कश्मीर के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-उल-मुजाहिदीन के संदिग्ध सदस्य जावेद मुंशी को कैनिंग से गिरफ्तार किया, जहां वह अपने एक रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर के तानपुरा का रहने वाला मुंशी दक्षिण 24 परगना जिले में अपने रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ था। सूचना के आधार पर जिला पुलिस और कोलकाता पुलिस ने शनिवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने रविवार को संदिग्ध आतंकी जावेद मुंशी को कोलकाता के अलीपुर सीजेएम कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसको 31 दिसंबर तक जम्मू-कश्मीर पुलिस की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया है। सरकारी वकील ने कहा कि श्रीनगर से पुलिस ट्रांजिट रिमांड लेने के लिए यहां आयी थी। 58 वर्षीय जावेद अहमद मुंशी मुस्लिम लीग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से काम कर रहा था। उसे कैनिंग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक किताब, एक सीडी, एक प्लास्टिक बैग और कई दस्तावेज पुलिस ने जब्त किये। अदालत ने 31 दिसंबर तक ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दी।

मुंशी ने दावा किया था कि वह निजी कारणों से कैनिंग शहर में अपने एक रिश्तेदार के घर गया था। वह घाटी में कथित तौर पर आतंकी गतिविधियों में शामिल था और जम्मू-कश्मीर पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान में बैठे आतंकी सरगना 'तहरीक-उल-मुजाहिदीन' को संचालित करते हैं और कश्मीर घाटी, पाकिस्तान और बांग्लादेश में अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ इसके संपर्क हैं।

मुंशी के रिश्तेदारों ने कहा कि हालांकि वह श्रीनगर का निवासी है, लेकिन उन्हें किसी आतंकवादी संगठन के साथ उसके संबंधों के बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर आरोप सही पाये जाते हैं, तो कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

हाल ही में आतंकवादी संगठन अंसार-अल-इस्लाम बांग्लादेश के आठ संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था, जो पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाले 'चिकन नेक' को कथित तौर पर निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। इनमें से दो मुर्शिदाबाद के हैं।

# अमेजन फाउंडर जेफ बेजोस 55 साल की गर्लफ्रेंड लॉरेन सांचेजसे शादी करेंगे

**60 साल के बेजोस दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी**



एजेंसी

**वॉशिंगटन।** ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन के फाउंडर और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी जेफ बेजोस (60) अपनी गर्लफ्रेंड लॉरेन सांचेज (55) से शादी करने जा रहे हैं। ये शादी कोलोराडो के एस्पेन में 28 दिसंबर को होगी। इस पर करीब 600 मिलियन डॉलर (करीब 5000 करोड़ रुपये) खर्च होंगे।

डेलीमेल.कॉम ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि इस शादी के लिए केविन कॉस्टनर के 160 एकड़ के रेंच को वेन्यू के तौर पर चुना गया है। वहीं शादी से पहले का सेलिब्रेशन पॉश सुशी रेस्तरां मात्सुहिसा में होगा। इसे 26 और 27 दिसंबर के लिए रिजर्व कराया गया है।

**बिल गेट्स, लियोनार्डो डिकैप्रियो जैसे गेस्ट के शामिल होने की उम्मीद :** शादी में बेजोस और सांचेज के करीबी मित्र और परिवार शामिल होंगे। उनकी अगस्त 2023 में इटली में हुई सगाई पार्टी में बिल गेट्स, लियोनार्डो डिकैप्रियो और क्रिस जेनर जैसे गेस्ट पहुंचे थे। इस इवेंट में भी ये गेस्ट के तौर पर शामिल हो सकते हैं। बेजोस ने अपने नए सुपरयॉट पर एंगेजमेंट का प्रपोजल दिया था। उन्होंने सांचेज को हार्ट शेप्ड अंगूठी दी थी। इस अंगूठी में 20 कैरेट का हीरा जड़ा है। लॉरेन ब्रॉडकास्ट जर्नलिस्ट रह चुकी हैं। वो हेलिकॉप्टर पायलट और ब्लैक ऑप्स एविएशन की फाउंडर भी हैं।

**2019 में लॉरेन ने दिया था पैट्रिक व्हाइटसेल को तलाक :** बेजोस के साथ रिलेशनशिप में आने से पहले 2005 में लॉरेन ने हॉलीवुड एजेंट पैट्रिक व्हाइटसेल से शादी की थी। 13 साल बाद 2019 में उन्होंने पैट्रिक को तलाक दे दिया था। पैट्रिक के साथ उनके दो बच्चे हैं। बेटे का नाम इवान और एक बेटी एला है।

**बेजोस ने 25 साल बाद मैकेंजी स्कॉट को दिया था तलाक :** बेजोस ने भी 2019 में ही उनकी पत्नी मैकेंजी स्कॉट को तलाक दिया था। दोनों की शादी तलाक से 25 साल पहले 1994 में हुई थी। बेजोस के तीन बेटे और एक एडॉप्टेड बेटी है। मैकेंजी भी दुनिया की सबसे अमीर महिलाओं में से एक है। साइंस टीचर डैन ज्वेट से उन्होंने शादी की है।

# एपिगैमिया के को-फाउंडर रोहन मीरचंदानी की हार्ट अटैक से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** एफएमसीजी कंपनी एपिगैमिया के को-फाउंडर रोहन मीरचंदानी का निधन हो गया है, वे 42 साल के थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहन की मृत्यु 21 दिसंबर की देर रात हार्ट अटैक से हो गयी। मीरचंदानी एववाइयू स्टर्न और व्हार्टन स्कूल से ग्रेजुएट थे। उन्होंने ने 2013 में ड्रम्स फूड इंटरनेशनल की शुरूआत की थी, जो एपिगैमिया की पेरेंट कंपनी है। एपिगैमिया भारत के बड़े ग्रीक योगर्ट ब्रांड में से एक है। ड्रम्स फूड के प्रवक्ता ने बताया कि एपिगैमिया फैमिली में हुए इस नुकसान से हम दुखी हैं। रोहन हमारे मेंटर, फ्रेंड और लीडर थे। हम उनके सपने को मजबूती और जोश के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोहन के वैल्यूज और विजन हमें मार्गदर्शन देते रहेंगे। मुंबई बेस्ड यह फर्म ग्रीक योगर्ट, दही, मिल्क शेक, स्मूदी और खीर जैसे प्रोडक्ट्स के लिए फेमस है। एपिगैमिया की शुरूआत होकी पोकी आइसक्रीम के रूप में हुई थी और फिर इसे दही ब्रांड में बदल दिया गया, क्योंकि आइसक्रीम का व्यवसाय एक सीजनल बिजनेस था।

## रात में खाना खाकर सोया युवक, सुबह कुआं में मिला शव


मृतक रंजीत की फाइल फोटो

डंडई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रारो गांव के भोकचाही टोला निवासी नंदू साव के 20 वर्षीय पुत्र रंजीत गुप्ता का शव रविवार के सुबह करीब 8 बजे घर के लगभग 500 मीटर के दूर एक कुआं से बरामद किया गया। मृतक के स्वजनों ने बताया कि रंजीत गुप्ता शनिवार के रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह में जब देखा गया कि रंजीत अपने कमरे में नहीं है तो उसकी गांव व टोला में खोजबीन करना शुरू किया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला कुछ देर बाद देखा गया कि घर के लगभग 500 मीटर की दूरी पर एक कआं के समीप उसका चप्पल पड़ा हुआ है। मामले में थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने कहा कि कुआं से शव मिलने के बाद पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया है। फिलहाल परिजनों का कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद जांच पड़ताल कर आगे कार्रवाई की जायेगी।

# अतिक्रमण के नाम पर पदाधिकारी कर रहे भयादोहन, गरीबों की लगेगी आह : सत्येंद्र

**बगैर अधिग्रहण कराये भूमि से एसपी करा रहे हैं जबरन विस्थापन, देना होगा जवाब**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में अतिक्रमण हटाने के नाम पर लोगों का भयादोहन किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। गढ़वा एसपी द्वारा संवेदकों के हक में बगैर भूमि अधिग्रहण कराए ही लोगों को विस्थापित किया जा रहा है। इसकी शिकायत वह केंद्रीय गृह मंत्रालय समेत वरीय सक्ष्ज्ञम पदाधिकारियों से करेंगे। जो लोग कानून को ताख पर रखकर काम कर रहे हैं उन्हें गरीबों की आह लगेगी। साथ ही जेल भी जाना होगा। उक्त बातें गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने रविवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

विधायक ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ वह शुरू से आवाज उठाते रहें है। जनता ने इसलिए मुझे विधायक बनाया है। चिनियां रोड बड़ा खेल खेला गया है। कभी पूर्व की तरफ निशान लगाते हैं तो कभी पश्चिम की तरफ। व्यक्ति देखकर मकान व दुकान तोड़े जा रहे हैं। सीओ, अमीन समेत अन्य पदाधिकारियों ने करोड़ों का डील किया है। इसकी जांच करायी जायेगी। विस्थापितों की व्यवस्था के बगैर अतिक्रमण नहीं हटाया जा सकता। कल्याणपुर स्थित मूसहर को दी गयी 22 एकड़ जमीन करोड़ों का व्यारा न्यारा कर बेच दिया गया। सीएनटी की जमीन आखिर कैसे सामान्य व्यक्ति की हो गयी। विधायक ने कहा कि बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएं, नहीं तो उनकी कलई खोल दूंगा। उनका जेल जाना तय है। मेराल थाना प्रभारी का आडियो मेरे पास है। उन्होंने जेएमएम के लिए काम किया है। इस आडियो को वे विधानसभा में सुनायेंगे। बेनामी संपत्ति रखने वालों की जांच होगी। रंका के बरवाडीह में सौ कुंआ की राशि बगैर निर्माण के ही निकाल ली गयी है। इसकी भी जांच होगी। पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता दो वर्ष में ही दोबारा गढ़वा कैसे आ गये। चुनाव आयोग से उनकी शिकायत करेंगे तथा उनके कारनामों की जांच होगी। पत्रकार वार्ता में विवेकानंद तिवारी, उदय कुशवाहा, उमेश सिंह, विनोद चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा रंका विस में डेढ़ लाख से अधिक सदस्य बनाया जायेगा : सत्येंद्र नाथ तिवारी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में एक लाख पचास हजार से अधिक सदस्य बनाया जायेगा। हर बुथ स्तर पर गांव शहर हर जगह से सैकड़ों लोगों को सदस्यता दिलायी जायेगी। वे सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में सदस्यता अभियान पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हर घर सदस्यता अभियान के माध्यम से हर वर्ग के लोगों को जोड़ा जायेगा। सदस्यता महाभियान को लेकर जिला से लेकर मंडल स्तर पर प्रभारी बनाये गये हैं। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, शुभम गुप्ता, भाजपा नेता विवेकानंद तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, विनोद चंद्रवंशी, अरविंद प्रजापति, परी पांडेय, लक्ष्मीकांत पांडेय सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है : डॉ पातंजली



**ऊंचरी में निःशुल्क जांच शिविर, 300 मरीज की जांच और दवा वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट और एकल विद्यालय अभ्युदय यूथ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शहर की ऊंचरी स्थित भारतीय शिक्षा निकेतन स्कूल में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर पातंजली केशरी, शिक्षक रेयाज अहमद, वार्ड पार्षद गजाला सिद्धिकी, स्कूल के निदेशक दामोदर राम सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर सहित विभिन्न प्रकार के कुल 300 मरीजों की जांच की गयी। साथ ही निःशुल्क दवा वितरण किया गया। सभी मरीजों के हीमोग्लोबिन की मात्रा भी जांच की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि हेल्थ इज रियल वेल्थ, स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। प्रत्येक व्यक्ति को नियमित स्वास्थ्य जांच करते रहना चाहिए। शरीर में हेमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर की मात्रा संतुलित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ठंड का मौसम है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। हृदय और ब्लड प्रेशर के रोगी अपना खास ख्याल रखें। शिक्षक रेयाज अहमद ने कहा कि हमारे देश में कुपोषण की समस्या से काफी संख्या में लोग ग्रसित हैं। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत कबड्डी, क्रिकेट सहित कई खेलकूद का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में चल रहे राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताह और फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत कबड्डी, क्रिकेट, कैरम, रस्सा कसी आदि खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न की। जिसमें बी फार्मा फर्स्ट ईयर में रस्साकसी बी फार्मा सेकंड ईयर ने क्रिकेट और कबड्डी में अपनी बादशाहत साबित की। बालिका वर्ग में बी फार्मा सेकंड ईयर ने रस्सा कसी और बी फार्मा फर्स्ट ईयर ने कबड्डी में धाक जमायी। सौरभ बी फार्मा फर्स्ट ईयर में कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया। फार्मेसी संकाय के अधिष्ठाता डॉ मनीष दुबे के मार्गदर्शन में राहुल कुमार, रोहित गुप्ता, महेश सिंह, नेहा खरे के अथक प्रयास एवं बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह तथा राकेश सिंह और आनंद गुप्ता, शशि भूषण और अरुण हिमांशु एवं विशाल सिंह ने कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया और 23 दिसंबर को कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।

## बीजेपी का सदस्यता कार्यशाला आयोजित




कांडी (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी परदेश और जिला संगठन के निदेर्शानुसार प्रखंड क्षेत्र के सुंडीपुर में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता महापर्व का कार्यशाला आयोजित किया गया। यह कार्यशाला भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे के नेतृत्व में 8800002024 सदस्यता नंबर और नमो ऐप के माध्यम से लगभग दो सौ युवाओं को सदस्य बनाया गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे ने कहा कि आदरणीय जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में देश के चहुमुखी विकाश के प्रति काम कर रही है। इस कार्यशाला में बूथ अध्यक्ष के साथ साथ रामाश्रय मेहता, लालू शाह, नरेश राम, रामप्रवेश मेहता, जय राम साह, गोपाल चौधरी, ऊदल पासवान सहित आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बीएनटी संत मेरी और शांति निवास क्वार्टर फाइनल में



गढ़वा (आजाद सिपाही)। 23वीं गढ़वा जिला में स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन खेले गये मैच में आरके पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 85 रन बनाये। जबाबी पारी खेलने उतरी बीएनटी संत मैरी की टीम ने बारह गेंद शेष रहते चार विकेट खोकर जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में शांति निवास हाई स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पप्पू के नाबाद 67 और ऋतिक पांडेय के 27 रनों की बदौलत दो विकेट खोकर 113 रन बनाए। जबाबी पारी खेलने उतरी संत पॉल रेहला की टीम छह ओवर में पांच विकेट पर 59 रन बनाने के बाद अंपायर के निर्णय के बाद मैदान छोड़कर मैदान से बाहर निकल गये और खेलने से इंकार कर दिया, जिसके बाद शांति निवास हाई स्कूल को जीत घोषित किया गया। इस मौके पर सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, रोहन तिवारी, रोहित प्रजापति शामिल थे।

## एमके इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल का आयोजन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। एमके इंटरनेशनल स्कूल ने कम ही दिनों में ऊंची मुकाम को हासिल किया है। जिले ही नहीं राज्य स्तर पर गुणवत्ता युक्त शिक्षा बच्चों के सर्वांगिक विकास के लिए खेलकूद, पेंटिंग, संगीत एवं अन्य एक्टिविटीज के माध्यम से पिछले कुछ ही वर्षों में एमके इंटरनेशनल स्कूल श्री बंशीधर नगर ने जिले और राज्य में एक ऊंचा मापदंण प्रस्तुत किया है। उक्त बातें एमके इंटरनेशनल स्कूल के तृतीय वार्षिक दिवस आयोजन के अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अभिमन्यु कुमार सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा। खेल के अंतिम दिवस में वॉलीबॉल, 200 मीटर दौड़, 400 मी दौड़ तथा कबड्डी का आयोजन किया गया। जिसमें वॉलीबॉल में युवराज का टीम प्रथम स्थान पर तथा अभिज्ञ का टीम द्वितीय स्थान पर रहा। इस वार्षिक खेल को सार्थक बनाने में स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर अभिमन्यु कुमार सिंह, डायरेक्टर मिस्टर मनीष कुमार सिंह, प्रिंसिपल डॉक्टर रे रोज, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह, गेम कोऑर्डिनेटर सौरव यादव ,पीला हाउस मास्टर जितेंद्र प्रताप यादव आदि अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# व्यवसायियों को निर्भीक होकर अपना काम करना चाहिए : परेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** व्यवसायियों को अपनी ताकत पहचानी होगी और चेंबर की स्थानीय इकाई को एकजुट होकर समाधान के लिए पहल करना होगा, उक्त बातें फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने चैंबर्स ऑफ कॉमर्स श्री बंशीधर इकाई के द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों को निर्भीक होकर अपना काम करना चाहिए, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर झारखंड फेडरेशन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने उपस्थित व्यवसाईयों से टैक्स संबंधी जानकारी के लिए कार्यशाला का आयोजन का आश्वासन देते हुए कहा कि टैक्स की जानकारी व्यवसायियों को अवश्य होना चाहिए, इसके लिए फेडरेशन एक कार्यशाला आयोजित करेगी। फेडरेशन के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कार्यक्रम में महिलाओं को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें रांची कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। वहीं चैंबर्स आफ कमर्स एंड इंडस्ट्री श्री बंशीधर नगर इकाई के द्वारा फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर्स आफ कमर्स इंडस्ट्री के अध्यक्ष को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर, संरक्षक राम प्रसाद, रवि प्रकाश, उदय जायसवाल, सचिव गोपाल जायसवाल, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, हृदय कमलापुरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्कूल बस दुर्घटना में मृतक छात्र के पिता ने स्कूल के निदेशक और चालक पर दर्ज करायी प्राथमिकी

**चालक की शिकायत पर स्कूल संचालक ने नहीं दिखायी संजीदगी, जिसके कारण हुई घटना : अभिभावक**

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के संगवरिया गांव में पाराडाईज पब्लिक स्कूल बस दुर्घटना में मृतक छात्र के पिता के आवेदन पर मेराल थाना में बस के चालक तथा विद्यालय के निदेशक इमामुद्दीन पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। बता दें कि शनिवार को बच्चों से भरा बस खायी में पलट गयी थी जिसमें पतहरिया गांव निवासी रामप्रवेश पाल के इकलौता पुत्र की मृत्यु हो गयी थी। थाना में दिया गया आवेदन में कहा गया है कि मेरा पुत्र पाराडाईज पब्लिक स्कूल के बस में प्रतिदिन पढ़ने के लिए जाता था जो शनिवार को स्कूल से घर आने के क्रम में संगवरिया में संजय राम के मुर्गी - फार्म के समीप चालक के लापरवाही के कारण बस असंतुलित होकर रोड के बायीं तरफ पलट गयी। इसके कारण मेरा पुत्र राजीव कुमार 14 वर्ष की मृत्यु घटना स्थल पर हो गयी। बस दुर्घटना की जानकारी मिलने पर वहां पहुंच कर स्कूल निदेशक इमामुद्दीन को घटनास्थल पर बुलाने या मिलने का बहुत प्रयास किए लेकिन वे नहीं पहुंचे। यह बस पहले भी दो बार दुर्घटना ग्रस्थ हो चुका है जिसमे स्कूल के बच्चे बाल-बाल बच गये थे। स्कूल के निदेशक इमामुद्दीन को इसके बारे में अभिभावक तथा वहां के जनप्रतिनिधि द्वारा सूचना दिया गया था। सूचना के बाद भी स्कूल के निदेशक द्वारा बस के ड्राइवर पर कोई कारवाई नहीं किया गया। जिससे साफ जाहिर होता है कि स्कूल के निदेशक इमामुद्दीन के द्वारा बच्चे के जान से कोई लेना-देना नहीं है। बस दुर्घटना का जिम्मेवार पाराडाईज स्कूल के निदेशक इमामुद्दीन है। रामप्रवेश पाल ने जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# किसानों के खेतों में पानी पहुंचाना मेरी प्राथमिकता : नरेश प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** विश्रामपुर विधान सभा विकास के क्षेत्र में झारखंड का नंबर एक विधान सभा बनेगा। विश्रामपुर विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह खुटहेरिया पंचायत भवन में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। विधायक ने आगे कहा कि इस क्षेत्र के सभी विभागों में जंग लगा हुआ है। सबसे पहले मुझे उस जंग को हटाना है। स्थिति ऐसी है कि जो गरीब ब्लॉक में पैसा नहीं देता है उसका काम नहीं होता, इस परंपरा को दूर करना मेरा पहला काम है। मैं अभी तक विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के पांच ब्लॉक व अंचल में बैठक कर स्पष्ट रूप से पदाधिकारियों व कर्मियों को चेतावनी दे दिया हूं कि अगर किसी गरीब का काम बिना पैसा लिए नहीं हुआ, तो आप सभी सुन लीजिए, मुझसे बुरा कोई नहीं होगा। उन्होंने लोगों से कहा कि मैं सभी प्रखंड कार्यालय में एक-एक कर 10 से 5 बजे तक बैठकर आप सभी की समस्या को सुनूंगा। विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने का प्रयास करूंगा। विधायक ने कहा कि मेरा पहला प्रयास है कि किसानों के खेतों में पानी पहुंचे, इसके लिए छोटा-बड़ा चेक डैम का निर्माण हो, यह मेरी पहली प्राथमिकता है। पंचायत मुखिया अनिता देवी ने विधायक को भारतीय सविंधान की प्रति भेंट कर स्वागत की। मुखिया ने पंचायत की कई समस्याओं को विधायक के सामने रखीं। मौके पर बीडीसी अभिनंदन शर्मा, मुरलीधर मिश्र, सुदर्शन तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## 'कड़िया राजधाम' के सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। मकरी पंचायत के 'कड़िया राजधाम' मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र मेहता की अध्यक्षता में बुद्धिजीवियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में 'कड़िया राजधाम' के सौंदर्यीकरण और विकास का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से तय किया गया कि शिवरात्रि से पहले मंदिर के विकास कार्य को पूरा किया जायेगा। बैठक में संरक्षक प्रदीप यादव सहित अन्य बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। बैठक में संरक्षक प्रदीप यादव, भाजपा नेता लक्ष्मण राम, सोनाकिशोर यादव, धनंजय साह, शैलेश, रोहिणी कांत, उपेंद्र, दिलीप, बबलू, रामाशंकर आदि उपस्थित थे।

## गरीबों संग मनाया अपना 25वां जन्मदिन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी शौकत खान के पुत्र साजिद खान का 25वां जन्मदिन के उपलक्ष्य में शौकत खान और साजिद खान ने देर रात से लेकर पुरा दिन जरुरतमंदों के बिच कंबल, गर्म कपड़े और गरीबों के घरों में अच्छे-अच्छे पकवान बनाने के लिए स्पेशल बर्थडे राशन किट के साथ साथ उपहार भी गरीबों के बिच बांटा गया। इस खास मौके पर शौकत खान ने बताया कि हम अपने और अपने परिवार के हर खास मौके पर हम पार्टी में फिजुल का खर्च नहीं करते हैं, बल्कि उस पैसे को बचाकरगरीबों के घरों में खुशियां बिखेरकर अपने खास अवसर का जश्न मनाते हैं और मेरे मेरे बेटे का जन्मदिन है इसलिए ये पुरा सप्ताह हम जश्न मनायेंगे।

## आनंद मार्ग आश्रम मेराल में हुआ कंबल वितरण



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित आनंद मार्ग आश्रम में रविवार को समारोह पूर्वक करीब 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आनंदमार्ग के संस्थापक प्रभात रंजन सरकार उर्फ श्रीश्री आनंदमूर्ति की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने आनंद मार्ग के सेवा मूलक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इससे अन्य लोगों को भी सीख लेने की जरूरत है। इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण करना बड़ा पुण्य का कार्य है। मुखिया रामसागर महतो ने भी कंबल वितरण कार्यक्रम की सराहना की। संस्था के गढ़वा जिला अमूर्त सचिव डॉ रामानुज प्रसाद ने कहा कि आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलिफ टीम विश्वस्तरीय संस्था है, जो प्राकृतिक आपदा - बाढ़, अकाल, सुखाड़, भूकंप एवं महामारी आदि में राहत सेवा करते रहती है। भाजपा नेता व आनंद मार्ग प्रचारक संघ शाखा मेराल के प्रमुख डॉ लाल मोहन ने कहा कि आनंदमार्गी के सेवा कार्यों में स्थानीय और क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से सेवा निरंतर जारी है। कार्यक्रम को कैलाश प्रसाद, पूर्व मुखिया सुषमा कुशवाहा, बीडीसी छाया कुमारी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष रूपु महतो आदि ने भी संबोधित किया।

# रंका और रमकंडा सड़क चौड़ीकरण के विरोध में फिर गोलबंद हुए ग्रामीण

**सर्वे का रास्ता की बजाय रैयती में सड़क बनाने पर आक्रोशित हुए लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमकंडा ।** पथ निर्माण विभाग की ओर से करीब 65 करोड़ की लागत से बन रहे रंका रमकंडा सड़क चौड़ीकरण मामले में तेहाड़ा के ग्रामीणों ने रविवार को तीसरी बार निर्माण कार्य रोक दिया। इसके पहले निर्माण कार्य के शुरूआती दौर में ही सर्वे का रास्ता की बजाय अपनी जमीन पर सड़क निर्माण का विरोध कर तेहाड़ा में निर्माण बंद करा दिया था, लेकिन संवेदक की ओर से पुनः रविवार को सर्वे के रास्ता की बजाय भुइयां परिवारों की जमीन पर सड़क निर्माण शुरू होते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गये। वहीं निर्माण कार्य करने पहुंचे मजदूर और वाहनों को खदेड़ दिया। सूचना पर इस मामले में हस्तक्षेप करने पहुंची रमकंडा पुलिस को भी विरोध का सामना करना पड़ा. इसके बाद निर्माण कार्य बंद हो गया। जानकारी के अनुसार रमकंडा के तेहाड़ा में सर्वे का रास्ता की बजाय पूर्व में बगल के ही भुइयां परिवारों की जमीन पर विभाग ने कालीकरण सड़क बना दी थी। वहीं पूर्व में बनी इसी सड़क के आधार पर भू अर्जन विभाग सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव स्वीकार करते हुए इसी सड़क के दोनों ओर जमीन अधिग्रहण करने के बाद सड़क चौड़ीकरण किया जाना है, जिसका विरोध यहां के ग्रामीण निर्माण कार्य के शुरूआती दौर से ही कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग उनकी रैयती जमीन पर बने सड़क को छोड़कर सर्वे का रास्ता में सड़क निर्माण करायें, ताकि उनकी अपनी जमीन सुरक्षित हो जाये।

ग्रामीण सीताराम भुइयां, संजय भुइयां, सुनीला देवी, कोशिला देवी, सुरजी देवी, मानती देवी, बुधनी कुंवर, सोनी देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक गंगा कंट्रक्शन की ओर से उनकी अपनी जमीन पर जबरन सड़क बनाने का प्रयास कर रही है, बल्कि बगल में सर्वे का रास्ता की भूमि पर सड़क नही बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वे लोग जेल जाने के लिये तैयार हैं, लेकिन अपनी जमीन पर सड़क नहीं बनने देंगे। विभाग अपने सरकारी सर्वे का रास्ता पर सड़क बना लें। बताया कि शुरूआती दौर में ही इस मामले का वे लोग विरोध कर उक्त स्थल पर निर्माण कार्य को बंद करा चुके हैं, लेकिन अब तक विभाग सर्वे का रास्ता पर सड़क बनाने की दिशा में कोई पहल नही की गयी। कहा कि अगर उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो वे लोग न्यायलय की शरण में जाने पर विवश होंगे।

## युवा समाजसेवी ने विधायक से की शिष्टाचार मुलाकात



मझिआंव (आजाद सिपाही)। युवा समाजसेवी मारुत नंदन ने मझिआंव बिश्रामपुर के वर्तमान विधायक नरेश प्रसाद सिंह से खेल प्रेमियों के लिए खेल मैदान को लेकर किया शिष्टाचार मुलाकात। तत्पश्चात मारुत नंदन सोनी ने 05/01/2025 को होने वाले बैडमिंटन टूर्नामेंट जो नया सवेरा नया उजाला के तत्वाधान में आयोजित होगा। जिसमें मुख्य अतिथि और उद्घाटन करता के रूप में भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के साथ विधायक नरेश प्रसाद सिंह को भी आमंत्रित किया गया। मौके पर भावी नगर पंचायत अध्यक्षपद प्रत्याशी मारुत नंदन सोनी, पप्पू जायसवाल, नौशाद खान, पप्पू खलीफा, दिनेश सोनी आदि उपस्थित थे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुनीनाथ को दी श्रद्धांजलि



तमाड़ (आजाद सिपाही)। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सह कड़िया मुंडा के सहयोगी रहे मुनी नाथ मिश्रा को खुटी में श्रद्धांजलि देकर नमन किया। इस दौरान तमाड़ और अड़की भाजपा के कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि व ब्राह्मण तथा मित्र भोज में शामिल होकर श्रद्धेय मुनी नाथ मिश्रा जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से अड़की के पूर्व सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहु, तमाड़ के पूर्व सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा, पूर्व जिला सांसद प्रतिनिधि कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, सिमडेगा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, खुंटी के पूर्व जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज साहु,जिप सदस्य दिलीप सेठ, पूर्व मंडल अध्यक्ष समरेन्द्र मुखर्जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोलक दास अधिकारी, संतोष साहु, राजकिशोर महतो, सहित कई लोग शामिल थे।

## डीएवी बचरा में राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनायी गयी एस रामानुजन की जयंती



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में रविवार को एस रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनायी गयी। इस मौके पर विद्यालय मे जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने दीप जलाकर किया। जिसके बाद उपस्थित सभी शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन भारत के महान गणितज्ञ थे। उन्होंने गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी गणितीय प्रतिभा ने दुनिया को 3900 से अधिक सूत्र दिये। उनके योगदान को देश कभी भी भूला नहीं सकता है।वर्तमान में उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अशोक शर्मा ने सूत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं स्कूल की छात्रा नौरीन जहां ने एस रामानुजन के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या डॉ आर चौधरी, शिक्षक एपी द्विवेदी, एके लाल, एके घोष, राकेश कुमार, जीएसपी शर्मा, प्रेमसागर, आभा खन्ना, आरआर दत्ता, सुदीप्ता डे, अनीता सोनी सहित स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## 14 शक्ति केंद्रों में भाजपा का सदस्यता अभियान का शुभारंभ, दर्जनों नये सदस्यों को जोड़ा गया



सदस्यता अभियान के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

खलारी (आजाद सिपाही)। भाजपा द्वारा संगठन महापर्व के निमित्त सदस्यता अभियान का शुभारंभ रविवार को खलारी मंडल के सभी 14 शक्ति केंद्रों में किया गया। इस दौरान भाजपा के नए सदस्यों को डिजिटल एंट्री कर जोड़ा गया। वहीं इस अभियान के दौरान खलारी मंडल से दर्जनों की संख्या में नये सदस्यों को जोड़ा गया। वहीं मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू ने बताया कि नये सदस्यता अभियान जनवरी माह तक चलेगा। उन्होने मंडल के बूथ अध्यक्षों सहित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से उक्त अभियान के तहत अधिक से अधिक संख्या में नये सदस्यों को जोड़ने का अपील किया। इस अभियान में मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू, सदस्यता संयोजक भारत रजक, सहसंयोजक रामसूरत यादव, वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, शत्रुंजय सिंह, रामेश्वर महतो, राजू गुप्ता, इतवारा महतो, कुलदीप महतो, कुलदीप लोहार, राजू महतो, सुनील महतो, अशोक, विजय, राजकुमार, रमेश, गणेश सहित अन्य उपस्थित थे।

## नोनिया चौहान एकता मंच एनके पिपरवार, खलारी के कार्यकारी अध्यक्ष बने कमलेश प्रसाद



खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर में नोनिया चौहान एकता मंच एनके, पिपरवार, खलारी की बैठक रविवार को नंदलाल चौहान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंच के संरक्षक कृष्णा चौहान और सचिव रामबली चैहान विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में आगामी 14 जनवरी 2025 को होने वाली मां वत्सला भवानी की पूजा हेतु विशेष रूप से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा बनायी गयी। साथ ही पूजा के माध्यम से समाज के लोगों को जोड़ने पर विचार विमर्श किया गया। वहीं बैठक में कमिटी का विस्तार करते हुए डकरा निवासी कमलेश प्रसाद को नोनिया चौहान एकता मंच एनके पिपरवार, खलारी का कार्यकारी अध्यक्ष सर्वम्मती से मनोनीत किया गया। कमलेश प्रसाद का समाज के लोगों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बैठक मे शिवप्रसाद मुखिया, अभिषेक चौहान (निदेशक झारखंड पब्लिक स्कूल), रमेश चैहान, अवधेश प्रसाद नोनिया, चंद्रभूषण प्रसाद, हरिकेश चौहान, बूटान चौहान, सुधीर कुमार चौहान, अजय चौहान, संजय प्रसाद सहित समाज कई लोग उपस्थित थे।फोटो

## शिवाजी विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया

मुरी (आजाद सिपाही)। हल्माद में शिवाजी उच्च विद्यालय में छत्तीसवां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन छात्रों ने नाच, गान से किया। जिसका उद्घाटन ज़िप सदस्या वीणा देवी, स्कूल निदेशक प्रहलाद महतो, प्रधानाध्यापिका पुनम देवी, विश्वेश्वर महतो, तारा देवी, पदुम देवी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत में सु स्वागतम का गान गाया। जिप सदस्या वीणा देवी ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित और आशीर्वाद देते हुए संबोधित की, कि मैं विद्यालय परिवार के साथ हुं और विद्यालय की प्रगति हो। मौके पर भुपेश मंडल, मोहित कालिंदी, अंश महतो, आयुष महतो, डाली, अनिष, अलका, प्रिया, साक्षी, सुषमा, मनीष करमाली, चमन बेदिया ,संदीप, डांस में अलका ग्रुप को किताब, कलम आदि देकर परस्कृत किया गया।

# क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं निखारने की जरूरत: सविता

**लेपाटांड़ का ऐतिहासिक फुटबॉल प्रतियोगिता में उमड़े हजारों दर्शक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण क्रीड़ा संस्था लेपाटांड़ पातकुम का ऐतिहासिक 48वां वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता में हजारों दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। ऐतिहासिक मेला व खेला में आठ दलों के बीच घमासान मचा। कोल्हान सहित रांची, बंगाल और ओड़िशा के दर्शक भी खेला और मेला का लूत्फ उठाने पहुंचे। वहीं डीआर ब्रोदर टेल्को और नेताजी क्लब रेमता खुंटी के बीच फाइनल मुकाबले में डीआर ब्रोदर टेल्को ने प्रथम खिताब 1 लाख 51 हजार व कप पर कब्जा जमाया। वहीं दुसरे स्थान पर रहे नेताजी क्लब रेमता खुंटी को 1 लाख 21 हजार व कप देकर पुरस्कृत किया गया। डीआर ब्रोदर टेल्को ने पेनाल्टी में फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज किया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो शामिल हुए। खेल का उद्धाटन ईचागढ़ के राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की जरुरत है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार भी शिक्षा के साथ-साथ खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ावा देने को लेकर संवेदनशील है। और उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में इस क्षेत्र से भी कई खिलाड़ी अपने प्रतिभा के दम पर राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे। मौके पर अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, काबलु महतो, उपाध्यक्ष पशुपति बागची, ओम लायेक, राजेन सिंह मुण्डा,अजय कुमार, राजकिशोर गोप, शीशीर प्रामाणिक, महेंद्र उरांव, बासुदेव चटर्जी, तुलसी दास उरांव आदि उपस्थित थे।

# सीसीएल प्रबंधन के आश्वासन के बाद रैयतों का आंदोलन स्थगित

**प्रबंधन और रैयतों के बीच हुई सकारात्मक वार्ता में बनी सहमति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** सीसीएल पिपरवार प्रबंधन के आश्वासन के बाद मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन बंदी को स्थगित कर दिया गया। रैयत विस्थापित मोर्चा के नेतृत्व में रैयतों ने नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर शुक्रवार से ही मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन की बंदी की घोषणा की थी। बंदी के कारण पिपरवार राजधर साइडिंग की कोयला डिस्पैच ठप हो गया था और राजधर साइडिंग में एक मालगाड़ी भी शुक्रवार से खड़ा हो गया था, जिसके कारण सीसीएल को काफी नुकसान हो रहा था। बंदी से हो रहे नुकसान से पिपरवार प्रबंधन भी पूरी तरह से रैयतों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तत्परता से लगा हुआ था। रविवार की शाम में अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने हेसालोंग गंझु टोला में आंदोलन कर रहे रैयतों से बात किया। परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि प्रबंधन रैयतों की समस्याओं से अवगत है। जो भी नौकरी मुआवजा की मांग है उसको जल्द से जल्द दिलाने के लिए पूरी तरह से लगेगा, ताकि रैयतों को नौकरी मुआवजा जल्द से जल्द मिल सके। प्रबंधन ने इसके लिए एक महीना का समय लिया है। एक महीने के अंदर जो रैयतों कि नौकरी मुआवजा की कागजी प्रक्रिया को बढ़ाया जायेगा। जिला से भू सत्यापन के प्रक्रिया के बाद कंपनी नियमों के तहत नौकरी मुआवजा प्रदान किया जायेगा। जिसके बाद रैयत सहमत हुए और अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि प्रबंधन ने अगर रैयतों के साथ छल किया तो अगली बार कोई वार्ता नहीं होगी। वार्ता में रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया उपाध्यक्ष अमृत भोगता, शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा, हेमलाल गंझू, रमेश साहू, राधेश्याम प्रसाद, कृष्णा भोगता, कुलदीप साहू, ताहिर अंसारी, सुकर गंझु, रुपनाथ गंझू आदि उपस्थित थे।

## शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी क्षेत्र में सामाजिक धार्मीक कार्यो में अग्रणी संस्था जय माता दी ग्रुप के द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर का खलारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार और अंचल अधिकारी प्रणव अंबष्ट ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। ग्रुप के द्वारा लगाये गये पहले शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया। रिम्स ब्लड बैंक के सहयोग से कुल 52 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी प्रणव अंबष्ट ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को इस नेक कार्य से जुड़ने की अपील की। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने जय माता दी ग्रुप के इस कार्य की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी सुशील अग्रवाल द्वारा सहयोग किया गया। इस मौके पर श्रमिक नेता कृष्णा चौहान, अभिषेक चौहान, अजय, मुन्ना, मारुति, सिन्नी समद, वर्षा रानी, वैष्णवी सिन्हा, स्मिता प्रसाद, दीपक प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद सिन्हा, मुन्नु शर्मा, पंकज प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

# खूंटी के राहुल मुंडा हत्याकांड में चार गिरफ्तार









आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थानांतर्गत डूमरदगा गांव निवासी राहुल मुंडा नामक 27 वर्षीय युवक की लगभग तीन माह पूर्व हुई हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में मुरहू थानांतर्गत ग्राम सिरका निवासी पांडेया मुंडा (21 वर्ष), एसी लदुरा पूर्ति (22 वर्ष), सायको थानांतर्गत सेदवा डाउडीह टोला निवासी मदिराय मुंडा मुंडा उर्फ मादी हस्सा (32 वर्ष) तथा वर्तमान में खूंटी के तोरपा रोड में रहने वाले पश्चिम सिंहभूम जिला के बंदगांव थानांतर्गत बमनोम गांव निवासी मसीह डहंगा(27 वर्ष) शामिल हैं। इस ब्लाइंड केस के उद्वेदन और घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम में एसडीपीओ के अलावा खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक किशुन दास, सायको थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम, अनुसंधानकर्ता एसआई वीरेंद्र कुमार सहित सशस्त्र बल और तकनीकी शाखा के कर्मी शामिल थे।

# पिपरवार में होनेवाली हड़ताल को लेकर असंगठित मजदूरों ने चलाया अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साईडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की पांच सूत्री मांगों को लेकर 7 जनवरी से होने वाले अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर असंगठित मजदूरों ने कई जगहों पर दीवाल लेखन कर अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार असंगठित मजदूर पांच सूत्री मांगों को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में आगामी 7 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। हड़ताल को लेकर यूनियन के नेतृत्व में असंगठित मजदूरों ने पिपरवार एरिया प्रबंधन को नोटिस सौंप दिया है। अब मजदूर हड़ताल को सफल बनाने के लिए जगह-जगह पर दीवाल लेखन कर रहे हैं। इसके अलावा साइडिंग में काम करने वाले असंगठित मजदूरों को संगठित होकर हड़ताल को सफल बनाने की अपील कर रहे हैं। असंगठित मजदूरों की प्रमुख मांगों में बचरा रेलवे साइडिंग में काम करने वाले असंगठित मजदूरों को हाई पावर कमेटी का लाभ देने,सीएमपीएफ, सभी मजदूरों को पेमेंट स्लिप देने, सभी असंगठित मजदूरों की हाजिरी फार्म डी में बनाने और बकाया बोनस का भुगतान करने की मांग की गई है। मजदूरों ने कहा कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए बचरा साईडिंग के सभी मजदूर पूरी तरह से एकजुट है।

मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन और कंपनी मजदूरों को ठगने का काम कर रही है लेकिन अब मजदूर जागरूक हो चुके हैं और अपने अधिकार के लिए संघर्ष के लिए तैयार है।

# सज गया क्रिसमस बाजार, तैयारी में जुटे मसीही विश्वासी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** क्रिसमस को लेकर मसीही विश्वसियों का उत्साह चरम पर है। क्या शहर और क्या कस्बा हर ओर क्रिस का बाजार सज गया है। विभिन्न जगहों पर गूंज रहे कैरोल गीतों और क्रिसमस गैदरिंग और ईसाइयों का उत्साह बता रहा है कि प्रभु ईसा मसीह का आगमन जल्द होनेवाला है। जिला मुख्यालय के आरसी, जीईएल सीएनआई सहित अन्य गिरजाघरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। विभिन्न गिरजाघरों के रंग-रोगन का काम अंतिम दौर में है। 24 दिसंबर की रात होनेवाली विशेष प्रार्थना के विशेष व्यवस्था की गयी है। प्रकाश व्यवस्था के साथ ही चर्च आनेवाले मसीही विश्वासियों के बैठने के लिए खास व्यवस्था की जा रही है। 24 दिसंबर को रौमन कैथोलिक चर्च में आधी रात को विशेष प्रार्थना शुरू होगी,जबकि जीईएल चर्च में शाम से ही विशेष प्रार्थना और अनुष्ठान शु हो जायेंगे।

**क्रिसमस ट्री, स्टार्स और पटाखों से सजा बाजार :** खूंटी जिला मुख्यालय के अलावा प्रखंड और कस्बाई इलाकों में क्रिसमस का बाजार सज चुका है। मसीही विश्वसियों के घरो से लेकर सड़कों तक क्रिसमस कर खुशी साफ दिख रही है। विभिन्न चौक-चौराहों पर क्रिसमस के रंग-बिरंगे स्टार्स, क्रिसमस ट्री चरनी, सांता क्लोज की टोपी, ड्रेस विभिन्न प्रकार की लाइट और पटाखों से पूरा बाजार पट गया है। राशन और कपड़ों की दुकान पर खरीदारों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता पीटर मंडू कहते हैं कि क्रिसम की तैयारी काफी व्यापक है। इसके जरिए हम अपने घर, मन, यारीर, और भाव-भावनाओं को स्वच्छ करते हैं। मसीही विवासी बसं सुरीन ने कहा कि प्रभु यीशु का आगमन प्रेम और शांति का एहसास करानेवाला है।

## महान गणितज्ञ रामानुजन के आदर्शों को आत्मसात करें विद्यार्थी: सकलदीप भगत




खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्रीनिवास रामानुजन इयंगर एक महान भारतीय गणितज्ञ थे। उन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है। अपने जीवनभर में गणित के लगभग 3,884 प्रमेयों का संकलन किया। इनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किये जा चुके हैं। इस अवसर छात्रा रिया और साक्षी ने अपने भाषण के माध्यम से गणित विषय की रोचकता को बताया। मौके पर सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षिका रिया, आसना, कशिश और प्रियंका मौजूद थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में चांडिल अनुमंडल न्यायालय के न्यायाधीश डॉ रवि प्रकाश तिवारी उपस्थित थे। वहीं शिविर में सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, पीएम आवास योजना, जेएसएलपीएस के 12 समुहों के बीच 44 लाख 50 हजार का डेमो चैक, सात लाभूकों को 9 लाख 20 हजार का मुद्रा लोन स्विकृति पत्र, किसानों को स्प्रे मशीन, वृद्धा व विधवा पेंशन के लाभूको को स्विकृति पत्र सहित कई परिसंपतियों का वितरण किया गया। वहीं न्यायाधीश डॉ रवि प्रकाश तिवारी ने कहा कि लोगों को अपने मौलिक अधिकार के संबंध में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि लाभूको को सरकार कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर में परिसम्पतियों व योजनाओं का स्विकृति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी दीपक कुमार,पीएलवी कार्तिक गोप, गंगासागर पाल, सुबोध चंद्र महतो, निर्मल घोष, तुष्ट रानी मंडल आदि उपस्थित थे।

## विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में जिला विधिक प्राधिकार रांची के द्वारा सोनाहातू प्रखंड सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित जिला जज शंभू महतो ने लोगों को विधिक सेवा से संबंधित जानकारी दिए तथा महिला उत्पीड़न को दूर करने के लिए सभी से अपील किया। इस दौरान 165 लाभुकों के बीच 61लाख 86 हजार 995 रुपए की परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी, उप प्रमुख सविता देवी, बीडीओ खगेश कुमार, सीओ मनोज कुमार महंता, विधायक प्रतिनिधि रोहिताश चौधरी, रूपकुमार साहू, धरनी देवी, बीपीओ बबिता गोस्वामी, बीपीएम सुनील कुमार राणा, पंचायत सचिव बसंत महतो, अनंत हजाम, बीटीएम दीनानाथ भगत, पीएलवी रामेश्वर चौधरी आदि मौजूद थे।

## राहे में मेगा लीगल इंप्रूवमेंट कैंप का आयोजन




राहे (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में जिला विधिक प्राधिकार के द्वारा राहे प्रखंड सभागार में मेगा लीगल इंप्रूवमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में उपस्थित जज अमित गुप्ता ने कहा कि कानूनी जानकारी देकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का एक आयोजन है। इस कैंप के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभाग स्टॉल लगाकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हैं। साथ ही, योजनाओं का लाभ उठाने वाले लोगों को योजनाओं से जुड़े पत्र भी दिए जाते हैं। मेगा लीगल इंप्रूवमेंट कैंप में आवश्यक और जरूरतमंद लागू को योजनाओं का लाभ तत्काल दिया जाता है। बीडीओ अशोक कुमार ने कहा कि ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करना तथा कानूनी जानकारी देना है। मौके पर 77 लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं से 29 लाख 17 हजार 900 रुपये की परितंपत्ति का वितरण किया गया तथा महिला सहायता समूह के सदस्यों को एक करोड़ उनहत्तर लाख रुपए की ऋण दिया गया। मौके पर प्रमुख लीलमनि देवी, सीओ जया शंखी मुरमू, जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, सांसद प्रतिनिधि चितरंजन महतो सहित मुखिया, प्रखंड कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

## विधिक सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा खलारी प्रखंड स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र सभागार में विधिक सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल कोर्ट रांची के न्यायिक पदाधिकारी गौतम गोविंद सिविल जज सीनियर डिवीजन के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को डालसा के द्वारा लोगों को दी जा रही निःशुल्क मदद की जानकारी प्रदान की। वहीं डालसा लोगों को न्याय दिलाने और बच्चों को सुरक्षित माहौल देने का कार्य कर रहा है। कहा कि कानून में सबका अधिकार निहित है। वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार द्वारा कार्यक्रम के संदर्भ में कई विशेष जानकारी दी गयी। इस दौरान लाभुको के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। जिनमे अबुवा आवास, निर्माण पत्र, पूर्णत प्रमाण पत्र, कृषि विभाग से बीज का वितरण, खाद्य सुरक्षा से महिलाओं को धोती साड़ी सहित खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अंचल अधिकारी प्रणव अंबष्ट ने किया।

# क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत हुए सिल्ली विधायक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने टाटी पंचायत के गैसीफायर प्रांगण में आज रविवार के दिन ग्रामीणों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने लोगों से समस्याओं का निदान अतिशीघ्र कराने का आश्वासन दिया। साथ ही झामुमो कार्यकत्ताओं को निर्देश दिया कि क्षेत्र के छुटे हुए कार्यों की सूची उपलब्ध करायें ताकि शीघ्रता से समस्याओं का निदान करा सके। बैठक में मायाराम बेदिया, दिनेश प्रजापति, रिझुवा मुण्डा, हरदयाल मुण्डा, सुखराम बेदिया, अर्जून बेदिया, संतोष साहू, प्रदीप साहू, बालकिशोर शाही, महिराम बेदिया, रामदास लोहरा, मधु लोहरा, कृष्णा मुण्डा, गणेश बेदिया, सीताराम पातर, सुकरा उरांव, विकास साहु, संजय मुण्डा, भदरू बेदिया, गोपाल सहित सैकडों महिला पुरूष उपस्थित थे।

# विधायक के सौजन्य से मृतक परिवार को पहुंचाया गया आर्थिक सहयोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** रविवार को प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरवे बसाती के मृतक फूलमनी देवी उम्र 70 वर्ष लगभग कई दिनों से बीमार बीमारी से ग्रसित थी उनका पिछले सप्ताह देहांत हो गया था। विधायक राजेश कच्छप सह विधायक दल के उप नेता के सौजन्य से मृतक परिवार को 50 किलो चावल विधायक के सलाहकार और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश उरांव व प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक के अध्यक्ष सफीउल्लाह अंसारी के द्वारा परिवार को चावल देकर सहयोग किया गया। इस दौरान श्री उरांव ने कहा कि विधायक जी के अथक प्रयास से गरीबों तक लोगों को इस तरह की सहयोग करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। इससे बढ़-चढ़कर कभी भी सहयोग करने के लिए कृत संकल्प है माननीय विधायक और कांग्रेस पार्टी। इस अवसर पर मृतक के परिवार पुत्र बल्लू नायक, जल्लू नायक, पूरन नायक, राजू नायक, सिलखन नायक, जानकी देवी, रियाज अंसारी इत्यादि कई लोग शामिल थे।

# फुटबॉल और कबड्डी खेल कर महिलाओं ने लिंग आधारित हिंसा पर चलाया जागरूकता



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड मुख्यालय के समीप आजिविका महिला समूहों के द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से खेल का आयोजन स्टेडियम लापुंग में किया गया। फुटबॉल में सापुकेरा क्लस्टर के चलांगी ग्राम संगठन प्रथम स्थान, दूसरा स्थान ककरिया कलस्टर के नवाटोली ग्राम संगठन, तीसरा स्थान ककरिया कलस्टर के पोला ग्राम संगठन को मिला। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ककरिया कलस्टर के नवाटोली ग्राम संगठन, दूसरा गाड़ी ग्राम संगठन को मिला। महिलाएं आज किसी से कम नहीं है पुरुष को पीछे छोड़ गई यह बात सापुकेरा मुखिया सबिता उरांव ने कही। इस दौरान प्रखंड के 11 पंचायत के जीसीआरपी सुशीला कुमारी, चांदमनी कुमारी, प्रतिमा देवी, बिरजिनिया बालमोच, सरस्वती कुमारी, सावित्री देवी, गुड़िया देवी, प्रतिमा खेस समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

# बेड़ो में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल





**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में रविवार की शाम हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवक घायल हो गये। पहली घटना बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लापुंग पथ पर शाम लगभग साढ़े पांच बजे बेड़ो रोगाडीह पतरा टोली के समीप हुई। जिसमें सिंगरौली भरनो गांव निवासी 24 वर्षीय सुनील उरांव बाइक से असंतुलित होकर गिरने से घायल हो गए। जिसे नेहालु पंचायत के उपमुखिया जितिया उरांव ने 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो भिजवाया। वहीं दूसरी घटना रांची गुमला मुख्य मार्ग पर शाम लगभग साढ़े छह बजे जरिया पेट्रोल पंप के समीप हुई। जिसमें अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बेड़ो विनय बगीचा निवासी सह डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो के गणित के शिक्षक 34 वर्षीय विजय कुमार महतो घायल हो गए। जहां दोनों घायलों का इलाज डा भावना की देख रेख में किया गया। इधर घायल शिक्षक ने बताया कि वह रांची से बेड़ो अपने घर आ रहे थे।

# एजी चर्च स्कूल हेसल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एजी चर्च इंग्लिश मीडियम स्कूल हेसल में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद सुरेश कुमार सिंह थे। इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा नृत्य के साथ यीशु की चरनी लायी गयी। वहीं प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित नाटक, क्रिसमस गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इससे पहले मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि रोशन कुजूर, हिमांशु कुजूर, अमरनाथ मुंडा, मिन्हाज आलम, किष्टो कुजूर, कुमार पाहन, अशोक भोगता आदि को बुके एवं शॉल देकर समानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक रवि कुमार मुंडा, फ्रैंकलिन एक्का, अंजोरा टुडू, एंजलिन तिग्गा, कर्मी तिग्गा, पूजा कुमारी, अनिमा एक्का आदि का योगदान रहा।

## बेड़ो में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

# लाभुकों के बीच 79.35 लाख की परिसंपत्ति का हुआ वितरण

**विधिक सेवा के संबंध में दी गयी कई महत्वपूर्ण जानकारियां**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय के साभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्ववाधान में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधिक सेवा की सीनियर डिविजन सिविल जज श्रुति सोरेन ने विधिक कानून से संबंधित जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा के तहत गरीब लोगों को सुलभ न्याय दिलाने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण विधिक सेवा से संबंधित योजना का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने कहा प्रत्येक पंचायत में पीएलवी का गठन किया गया है। जो कानून से संबंधित किसी भी सेवा के लिए हमेशा तत्पर है। किसी भी प्रकार की विधिक सेवा ग्रामीण ले सकते हैं। वहीं सीओ प्रताप मिंज ने लोगों को अपने अधिकार के प्रति जागरूक होने आह्वान करते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रमुख योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दीं। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दिए जाने वाले कानूनी सेवाओ के बारे में बतलाया। इस दौरान शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा लाभुकों को अबुवा आवास, विधवा,विकलांग व वृद्धा पेंशन केसीसी, सावित्री फूले बाई योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एनएचएआई, धोती साड़ी योजना जॉब कार्ड, गाय मुर्गी व सुकर शेड टीसीबी 142 लाभुकों के बीच 79 लाख 35 हजार रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया नीरज कुजूर, लक्ष्मी कोया, पंसस राखी भगत बीपीओ संजय तिर्की प्रधान लिपिक फारूक नदीम, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, परमानंद, कुमार रितेश, अभय आशीष कोया सहित रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, जनसेवक डालसा के पीएलभी सतीश कुमार, मंगल उरांव व सधनी देवी सहित योजनाओं के लाभुक ग्रामीण मौजूद थे।

# मैं फिट तो इंडिया फिटः आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में फिट इंडिया सप्ताह का हुआ समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में शनिवार को 'मैं फिट तो इंडिया फिट' के नारों के साथ फिट इंडिया खेल सप्ताह का भव्य समापन हुआ। वीक का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें एथलीट में 100 मीटर, दौड़ 200 मीटर, रिले रेस, मॉडल रेस, सेटल रन ,बैलून रेस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो खो, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन सप्ताह भर आयोजित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रोहित पाहन, प्रीतम कच्छप, सृष्टि कुमारी, अंश कुमार, कारण मुंडा आदि रहे। सभी बच्चों को मेडल और टॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि खेल ना केवल स्वास्थ को बेहतर बनाता है, बल्कि समाज में खेल भावना का विकास करता है। एसएसबी के उप कमांडेंट अजय यादव ने कहा कि खेलों के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करना एक उपलब्धि है। साईं के सहायक निदेशक करण साधवानी ने फिट इंडिया मूवमेंट के बारे में कहा कि फिट इंडिया वीक शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। समापन समारोह में साईं के सहायक निदेशक करण साधवानी, एसएसबी 26वीं वाहिनी के उप कमांडेन्ट अजय यादव, विद्यालय के चेयरमैन रामटहल चौधरी, निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो, प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो, खेल शिक्षक सुरेश कुमार महतो, उमेश मण्डल, आनंद प्रसाद ,सुमंत कुमार, घासी राम महतो, स्नेहा शालिनी, कुसुम कुमारी, कल्याणी कुमारी, अंजलि, प्रियंका, अलका, फुलेश्वरी महतो, ललिता महतो आदि उपस्थित थे।

# एसडीपीएस स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग अनगड़ा में रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसका उद्घाटन मनीष चौधरी, डॉ अमर कुमार चौधरी और सचिव डॉ कुमुद कला मेहता ने संयुक्त रूप से स्पोर्ट्स मशाल प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि प्रमुख दीपा उरांव एवं विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया दुर्गा पाहन, रोशनलाल मुंडा, अब्दुल इमाम अंसारी, वयोवृद्ध कामेश्वर चौधरी, शिवशंकर केसरी आदि उपस्थित थे। खेल का शुभारंभ बच्चों ने रंगारंग ड्रील मार्च परेड के साथ किया। बच्चों के बीच 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, खो- खो, स्पून मार्वल, हाई जंप, लॉन्ग जंप, बॉल केरिंग, म्यूजिकल चेयर रेस सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में बच्चों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया तथा अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाद में प्रतियोगिता में प्रथम, दितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी बच्चों को कई पुरस्कार व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है। खेलकूद के जरिए भी बच्चे अपना कैरियर बना सकते हैं। जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने कहा कि खेलकूद से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। इसलिए शिक्षा के साथ खेलकूद जरूरी है।

# गोपाल तिवारी बने विधायक प्रतिनिधि



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने ठाकुरगांव गुरुगाईं निवासी गोपाल तिवारी को अपना विधानसभा क्षेत्र का विधायक प्रतिनिधि बनाया है। विधायक ने इससे संबंधित पत्र उपायुक्त, उपविकास आयुक्त, एसएसपी, डीएसपी खलारी, विधानसभा क्षेत्र के सभी बीडीओ, सीओ को भी प्रेषित किया है। गोपाल तिवारी को विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, झामुमो के शमीम बड़ेहार, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहु आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है : कामेश्वर बेदिया

**डालसा द्वारा ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी तथा ग्रामीणों को कानून के प्रति जागरूक किया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची (विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर) रविवार को प्रखंड मुख्यालय ओरमांझी में आयोजित हुई। इस मौके पर क्षेत्र के ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी तथा ग्रामीणों को कानून के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद सिविल जज मिथलेश कुमार और जुबिश बेहरा वकील प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि समाज के हर तबके को स्वच्छ, सुलभ व सरल न्याय दिलाने के लिए डालसा प्रतिबद्ध है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाना है। जबकि गरीब, असहाय, निर्धन व दिव्यांग लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया। दिव्यांगों के बीच व्हीलचेयर भी वितरित किया गया। कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी के भाव देखने को मिले। कंबल वितरण बीडीओ कामेश्वर बेदिया और अंचलाधिकारी उज्जवल सोरेन ने किया। मौके पर बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने कहा कि प्रत्येक वर्ष डालसा के द्वारा जरूरतमंदों के बीच ठंड के मौसम में कंबल का वितरण किया जाता है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। डालसा हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है। उन्होंने आगे कहा कि हर किसी को आगे आकर गरीबों की मदद करने चाहिए। सर्दी से बचाव के लिए भी गरीबों की मदद करनी चाहिए। यहां पहुंचे जज और अन्य का बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर सीडीपीओ लक्ष्मी भारती, जेएसएलपीएल के पदाधिकारी एवं ब्लॉक के कर्मचारी आदि मौजूद थे।

# मांडर और चान्हो में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



**मांडर/चान्हो (आजाद सिपाही)।** रांची जिला के जानू और मंडल प्रखंड मुख्यालय में एकदिवसीय विधिक जागरूकता और सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसीए में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश अनुमान खान उपस्थित हुए। उन्होंने आम जनता को बेझिझक अपनी न्यायालय संबंधित समस्या को लेकर थाना में या अन्य आवश्यक संस्थानों में स्वयं उपस्थित होने का सुझाव दिया। इस आयोजन में सर्वजन पेंशन से 20 लाभुक का आवेदन स्वीकृत किया गया, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 50 लाभों का आवेदन स्वीकृत की गयी और जेएसएलपीएस से 3 करोड़ 3 लाख बैंक लिंकेज सखीमंडल के दीदी को रोजगार सृजन के लिए दिया गया। कृषि विभाग से फसल विस्तार योजना के तहत 40 किसानों को दो-दो केजी मक्का बीज मुफ्त में दिया गया।

# कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों के बीच कपड़े और कंबल बांटे



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कपड़ा बैंक के टीम द्वारा रविवार को कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में मांडर प्रखंड के परयागो बस्ती में 400 जरूरतमंदों के बीच कपड़ा, कंबल और टोपी का वितरण किया। लोगों के बीच ठंढ कपड़े स्वेटर जैकेट कंबल शॉल साड़ी, जीन्स पैंट, सर्ट कुर्ती इत्यादि बांटा गया। रांची के समाजसेवी शुभम रूंगटा के सहयोग से बच्चों और बुर्जुगों के बीच नये टोपी और कंबल का वितरण किया गया। वहीं कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि ठंढ़ में लोगों को ठंढ से बचने के लिए कपड़े की अधिक आवश्यकता होती है। आज कपड़ा बैंक की टीम में कैलाश कुमार, शक्ति साहू , सुनील महतो, शुभम, राकेश, अनुज और रवि थे।

# विद्यासागर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बिरसा जैविक उद्यान का किया भ्रमण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो और उप शाखा मूर्तो के बच्चे वार्षिक पिकनिक कार्यक्रम के तहत शनिवार को ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान एवं मछली घर तथा तितली घर देखने पहुंचे। जहां बच्चों को बैटरी चलित वाहन से चिड़ियाघर घुमाया गया, जहां बच्चों ने शेर, बाघ, चीता, मगरमच्छ, मोर, हाथी, हिरण, दरियाई घोड़ा सहित कई जंगली जानवरों को नजदीक से देखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में निशा वर्मा तथा मुरतो शाखा के प्रधानाध्यापिका सुषमा तिर्की सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सराहनीय योगदान दिया।

# माउंट कार्मेल स्कूल ओरमांझी में अन्वेषण का आगाज




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** माउंट कार्मेल स्कूल ओरमांझी में वार्षिकोत्सव पर अन्वेषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आर्च बिशप विंसेंट आईंद डीडी, ओ सी डी फादर मैथ्यू अजहाकथ, निदेशक फादर दीपक, प्राचार्या सिस्टर ब्रिजिट, बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में उपप्रमुख रिजवान अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, विधायक प्रतिनिधि प्रो प्रेमनाथ मुंडा, तौहीद आलम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। स्कूल के निदेशक फादर दीपक ने बताया कि इस तरह प्रदर्शनी करने का उद्देश्य बच्चों के मनोबल को बढ़ाना तथा विज्ञान के प्रति उनमें में रुचि जगाना है, ताकि आगे चलकर बड़े-बड़े प्रतियोगिता में भाग ले सके।

# नि:शुल्क चिकित्सा और दवा वितरण शिविर में 353 रोगियों का किया गया इलाज



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची औघड़ भगवान राम आश्रम, अघोर पथ, लेक रोड़ पश्चिम, रांची के द्वारा बुढ़मू ब्लॉक के छापर गांव में एक नि:शुल्क चिकित्सा और दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 353 रोगियों को नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श के साथ दवा वितरण किया गया। शिविर का शुभारंभ परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी और परमपूज्य बाबा संभव राम जी के तस्वीरों की विधिवत आरती-पूजन कर के किया गया। शिविर में डॉ एसएन सिन्हा, डॉ रोहित सिंह, डॉ शंकर रंजन, डॉ उत्पल, डॉ शांभवी, डॉ कृष्णा मुरारी सिंह, डॉ संतोष कुमार, डॉ देव प्रकाश सिंह के साथ पवन कुमार, मनीषा कुमारी और खुशभु खलखो ने सेवा प्रदान किया। शिविर में बुढ़मू से मूरसिंह लाल मांझी, रामानंद करमाली, कुदरत अंसारी, अरविंद मराडी, बाबूराम मांझी आदि अन्य सदस्यगण शामिल हुए।

# जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने में कड़ी का काम करता है शिविर : दिग्विजय नाथ शुक्ला



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष डालसा, रांची के मार्गदर्शन में डालसा द्वारा रविवार को अनगड़ा प्रखंड में कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला थे। शिविर में श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा, जेएसएलपीएस सहित अन्य विभागों के लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गयर तथा लाभुकों के बीच परिसंपतियों का वितरण किया गया। मौके पर न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला ने कहा कि कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने में कड़ी का काम करता है। बताया कि यह शिविर रांची जिले के 18 प्रखंडों में एक साथ आयोजित किया गया है। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, सीओ राजू कमल, वीएचओ सेवा पालित, बीएसओ संतोष कुमार, पीएलवी बेबी सिन्हा, मालती देवी, मनी श्रीवास्तव, प्रदीप बड़ाइक आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## पासवान समाज की बैठक, 29 को सम्मान समारोह का निर्णय

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** रविवार को बाबा चौहरमल मंदिर गम्हरिया के प्रांगण में आगामी 29 दिसंबर को होने वाले सम्मान समारोह के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान आए हुए सभी सम्मानित लोगों ने ये निर्णय लिया की अभी वर्तमान में पासवान समाज से जिन लड़को का चयन एसएससी जीडी के माध्यम से विभिन्न बलों मे हुआ है उन सभी लोगों को सम्मानित किया जाएगा ।सम्मान समारोह भव्य हो और उसकी रूप रेखा पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार पासवान, मुन्ना कुमार देव, अजय गुप्ता, शक्ति पासवान, दिनेश पासवान, विकास पासवान, धनंजय पासवान, राजा पासवान, शशि पासवान आदि मौजूद रहे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# शहर के लिए हवाई सेवा और सोलरयुक्त औद्योगिक पार्क बनेंगे : सांसद वीडी राम

**खास महाल लीज हेतु राज्य स्तरीय कमेटी बनेगी : परेश गटानी**

**बालू के बिना विकास अधूरा : अरुणा शंकर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक विशेष बैठक चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में झारखंड में व्यवसाईयों की सबसे बड़ी संस्था झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव कमिटी के साथ ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज चियांकी में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद वीडी राम उपस्थित थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर उपस्थित थी।

कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष परेश गटानी, सचिव आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, जॉइंट सेक्रेटरी विजयवर्गीय, नवजोत अलग, संथाल परगना से आए रीजनल प्रेसिडेंट संजय अग्रवाल,एस्कूटिव सदस्य साहित्य पवन, रोहित पोद्दार,अमित शर्मा, राम बांगर,संजय अखोरी,डॉ अभिषेक रामदीन,शैलेश अग्रवाल और प्रवीण लोहिया सभी लोगों को संस्था के सदस्यों,रीजनल वाइस प्रेसिडेंट रिंकू दुबे एवं चेंबर महिला विंग द्वारा तिलक करते हुए बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रथम महापौर ने सभी आए अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों को अंग वस्त्र देकर आने वाले नव वर्ष 2025 की शुभकामना दी। बैठक में मुख्य रूप से सदस्यों ने खास महल लीज के निदान हेतु झारखंड स्तरीय कमेटी बनाकर सरकार में बात रखने पर जोर दिया एवं श्री नवल तुलाश्यान ने लीज नहीं होने के कारण हो रही समस्या पर प्रकाश डाला। वही पलामू प्रमंडल मुख्यालय में सोलर एनर्जी युक्त एक नए औद्योगिक क्षेत्र की मांग रखी गई। साथी ही पलामू सांसद वीडी राम से जल्द एयरपोर्ट बनवाकर हवाई सेवा शुरू कराने की बात भी रखी गई। प्रथम महापौर एवं दीपू सिंघानिया ने बालू से हो रहे समस्या पर प्रकाश डाली और कहा कि आज भी बालू कि चोरी हो रही है और दूसरे राज्य में जा रही है। सरकार इसका निदान निकाले और सस्ते दर पर बालू आम लोगों को उपलब्ध कराये जिससे विकास बाधित न हो। प्रथम महापौर ने कहा कि बालू की उपलब्धता का बहाना बनाकर आज संवेदक भी डस्ट से नाली, गली और कंस्ट्रक्शन का काम कर रहे हैं जिससे कार्य की गुणवत्ता समाप्त हो रही है। इस मुद्दे को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स राज्य स्तर पर उठाएं ताकि बालू आम लोगों को उपलब्ध हो सके यह पूरे राज्य के विकास से जुड़ा मामला है। बैठक में चेंबर एक्जिक्यूटिव सदस्य पुनीत सिंह द्वारा झारखंड चैंबर की सदस्यता हेतु लोगों का एप्लीकेशन दिया। जिसे सर्वसम्मति से झारखंड चैंबर की एग्जीक्यूटिव बैठक में सदस्यता प्रदान करते हुए पलामू प्रमंडल झारखंड का सबसे बड़ा सदस्यों वाला जिला बन गया। बैठक का संचालन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। बैठक में भारी संख्या में शहर एवं गढ़वा, लातेहार से व्यवसायी उपस्थित थे।

## डांसर की गोली मारकर हत्या परिजनों ने सड़क जाम की

आजाद सिपाही संवाददाता


पूजा कुमारी की फाइल फोटो।

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद हरिहर चौक देवरी रोड स्थित गैस गोदाम के समीप दिनदहाड़े अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने एक नर्तकी महिला को सिर में गोली मार कर हत्या कर दी। घटना रविवार की शाम करीब चार बजे का बताया जाता है। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधियों को ओवरब्रिज के रास्ते छतरपुर रोड की तरफ भागने की चर्चा है। घटना के बाद महिला को आनन फानन में अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव पहुंचकर छानबीन में जुटे हैं। पुलिस सड़क पर बाइक सवार अपराधियो के धड़ - पकड़ के लिए चेकनाका लगा दिया है। वहीं पुलिस सड़कों पर विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। मृतिका का नाम पूजा कुमारी बताया जा रहा है। घटना की जानकारी लगते ही हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह,शेर अली आदि ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर हालातों की जानकारी लेते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

उधर घटना के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने गिरफ्तारी व उचित मुआवजे की मांग को लेकर हरिहर चौक के समीप सड़क जाम कर दिया। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम था।

## अनियंत्रित हाइवा दुकान में घुसा, चालक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/ पलामू।** जिले के हरिहरगंज शहर में एक अनियंत्रित हाइवा ट्रेलर थाली पतल की दुकान में जा घुसी। हालांकि दुकान का अधिक क्षति नहीं पहुंची। यह घटना रविवार की अहले सुबह शहर के एनएच 139 पुरानी बस स्टैंड मनोज प्रसाद गुप्ता के दुकान पर घटी है। घटना में घायल चालक को हरिहरगंज सीएचसी में उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। घायल चालक का पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र रुदवा गांव निवासी टिपू यादव का पुत्र आकाश कुमार है। बताया जाता है कि चालक हाइवा ट्रेलर को औरंगाबाद से छतरपुर ले जा रहा था। इस बीच हाइवा ट्रेलर बयां से अचानक दाहिने की ओर मुड़ गई और दुकान के छज्जे से टक्करा गई। अहले सुबह 3 बजे होने के कारण शहर में सन्नाटा था और दुकान भी बंद था नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। वहीं घटना के बाद हरिहरगंज थाने के पुलिस ने पहुंचकर हाइवा ट्रेलर के केबिन में फसे चालक को गैस कटर से लोहे को काटकर बाहर निकाला। उधर सीएचसी में ऑन डिप्यूटी पर तैनात डॉक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से जख्मी चालक आकाश के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गया है।

## उपद्रवियों ने व्यवसायी से की मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक के समीप मुन्नी साव के कोल्ड्रिन व अंडा दुकान पर शनिवार की रात्रि उपद्रवी प्रवृत्ति के युवकों ने जम कर तोड़ फोड़ किया एवं दुकानदार विवेक कुमार के अंडा के ठेला को पलट दिया । करीब दस की संख्या में उपद्रवियों ने पूरा दुकान के काउन्टर को तोड़ा और दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया।इस घटना में रोहित कुमार,विवेक कुमार,व मुन्नी साव तथा उनकी पत्नी के साथ भी मारपीट किया। घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को मिली तो पुलिस गस्ती दल आया जिसके बाद उपद्रवियों बाइक से चलते बने। इस सबन्ध में दुकानदार विवेक कुमार ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया हैं।जिसमे बताया है कि हमलोग रोज की तरह दुकान चलाते थे उसी समय तीन लोग चिंटू सिंह, मोन्टी सिंह,सन्नी तीन लोग अंडा खाने के बहाने शराब के नशे में आये और मेरे दुकान के बगल घर जिसमें महिला लोग रहती हैं उसी में शौच करने लगे जब महिलाओं ने विरोध किया तो उनलोगों ने गाली गलौज व मारपीट करने लगे इसके पुनः कुछ देर बाद तीन चार मोटरसाइकिल पर अन्य दस की संख्या में लाठी हॉकी स्टिक लेकर आये और दुकान में वेखौफ जमकर तोड़फोड़ किया और उपद्रव किया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही हैं हर हाल में उन पर कार्रवाई होगी। इस घटना से दुकानदारो में काफी आक्रोश हैं।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो ग्राम में एक ही समुदाय के दो पक्षों में जम कर मारपीट हुआ। जिसमें काफी लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि एक ही परिवार से दोनो पक्ष है और जमीन सम्बंधित विवाद को लेकर आपसी विवाद हुआ है। मारपीट के दौरान दोनो पक्ष परिवार की गरिमा को भूल एक दूसरे पर जानलेवा प्रहार आरम्भ कर दिया। मारपीट की घटना में स्वर्गीय मथुरा साहू के 70 वर्षीय पुत्र फुलेश्वर साहू,फुलेश्वर साहू की 60 वर्षीय पत्नी कृष्णि देवी,शिव प्रकाश साहू के 30 वर्षीय पत्नी कांति देवी,प्रदीप साहू के 30 वर्षीय पत्नी संगीता देवी, फुलेश्वर साहू के 35 वर्षीय पुत्र शिव प्रसाद साहू तथा दूसरे पक्ष में सुलेश्वर साहू के 45 वर्षीय पत्नी सरिता देवी पुत्र मंटू साहू,कुंदन साहू एवं स्वर्गीय मथुरा साहू के 48 वर्षीय पुत्र सुलेश्वर साहू चोटिल हो गए। प्रथम पक्ष से संगीता देवी और दूसरे पक्ष से सरिता देवी को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया है। वही अन्य सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल लोहरदगा में कराया जा रहा है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर एसआइ मनीष कुमार महतो दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घायलों का जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गयी।

## विस चुनाव में विरोधी को लगातार आठ बार हरायेंगे : आलोक चौरसिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/ पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किन्नी में विधायक आलोक चौरसिया ने कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी का तस्वीर पर मालार्पण कर बैठक का शुरूआत किया।बैठक का अध्यक्षता कर रहें क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने मौके पर कहा कि चुनाव समापन के बाद कार्यकर्ताओं को उत्साहित के साथ साथ धरातल पर कार्यकर्ताओं को कैसे मजबूत किया जाये जिसे लेकर समीक्षा बैठक की गयी हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार प्रसार के समय विरोधियों ने कई प्रकार के हथगंडा अपनाते हुए हमारे सक्रिय कार्यकर्ताओं को दिग भ्रमित कर हम से अलग करने का काम विरोधियों ने किया था और कई प्रकार के वीडियो, ऑडियो वायरल कर हमे बदनाम करने का भरपूर प्रयास किया गया लेकिन मजबूत कार्यकर्ताओं के कारण चुनाव में विरोधियों को करारी हार का सामना करना पड़ा और हम तीसरी बार इस क्षेत्र का विधायक बनने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पिता स्व अनिल चौरसिया को पूर्व विधासभा अध्यक्ष श्री नामधारी ने तीन बार और श्री त्रिपाठी के एक बार हराने का काम किया था जिसके जवाब में उनके पुत्र आलोक चौरसिया ने करारी शिकस्त देते हुए विरोधी को तीन बार हराने का काम किया है और आगे ऐसे ही पांच बार हराने का काम भाजपा कार्यकर्ताओं के बदौलत हम जरूर करेंगे। मेरे पिता को विरोधी ने चार बार हराने का काम किया था और हम उनके पुत्र विरोधी को आठ बार हराने का काम जरूर करेंगे और हमारे विरोधी बार बार करारी शिकस्त के बाद अपना हार स्वीकार नहीं करते हुए कोर्ट घसीटने का काम बार बार करते हैं लेकिन वह भी हार का ही मुंह देखने पड़ता है और तीसरे बार भी हैट्रिक जीत के बाद जानकारी मिल रही है कि विरोधी फिर से कोर्ट जानेवाला हैं लेकिन हम विश्वास के साथ कहते हैं कि तीसरी बार भी कोर्ट से विरोधी को हार का ही मुंह देखना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर हैं अधिकारी जमीन ऑनलाइन और म्यूटेशन के नाम पर गरीब असहाय को लूटने का काम कर रहे हैं। जिसमें अधिकारी सुधार नहीं लाए तो ब्लॉक में ही अधिकारियों की रवैया की सुधार के लिए प्रतिदिन बैठने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान का लक्ष्य दो हजार देने का काम किया गया है। लेकिन हमारे द्वारा पांच हजार सदस्यों को जोड़ने का काम किया जायेगा। जैसे जीत में हैट्रिक मिली थीं वैसे ही सदस्यता अभियान में भी हैट्रिक लगाकर सदस्यता भेजने का काम करेंगे।

## सांसद ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चैनपुर में चलाया सदस्यता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/ पलामू।** प्रखंड अंतर्गत चैनपुर बाजार में पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान चलायी जा रही है और सभी लोगों से आग्रह किया कि भाजपा का सदस्य मिस्ड काल मारकर जरूर बनें। मौके पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, मीडिया प्रभारी शिव कुमार मिश्र,जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह,जिला मंत्री धिरेन्द्र कुमार दुबे,जिला महामंत्री ज्योति पाण्डेय,बिजय ओझा, सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय, राघवेन्द्र कुमार तिवारी, मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पाण्डेय, मिना गुप्ता,जय दुबे, मनोज दास, बिनोद बैठा, मनीष पांडेय,रूपेश कमलापुरी, राजेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में लोग सदस्यता अभियान में शामिल थे।

# स्पोर्ट्स



भारतीय टीम ने 20 ओवर में 117 रन बनाये। त्रिशा ने 47 गेंदो पर 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं 118 रनों का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम 18 .3 ओवर में 76 रनों पर ऑल आउट हो गयी।

## भारत ने विमेंस अंडर-19 एशिया कप जीता

**भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को 41 रन से हराया**

एजेंसी



**कुआलालंपुर/ मलेशिया।** भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार आयोजित महिला अंडर 19 एशिया कप 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को मलेशिया के कुआलालम्पुर में खेले गए फाइनल मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश महिला अंडर 19 टीम को 41 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 117 रन का स्कोर बनाया। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम सिर्फ 76 रन के स्कोर पर ढेर हो गयी। इस तरह भारतीय टीम ने पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश महिला अंडर 19 टीम ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन सलामी बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा ने बनाये। उन्होंने 47 गेंदों पर 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। त्रिशा के अलावा मिथिला विनोद ने 17 रन, कप्तान निकी प्रसाद ने 12 रन, आयुषी शुक्ला ने 10 रन और जी कमालिनी ने 5 रन का योगदान दिया।

बांग्लादेश की तरफ से फरजाना इस्मिन ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए, जबकि निशिता अक्तेर निशि को दो और हबीबा इस्लाम को एक विकेट मिला।

इसके बाद 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश महिला अंडर 19 टीम 18.3 ओवर में 76 रनों पर ऑलआउट हो गयी। टीम के लिए जुएरिया फिरदौस ने 30 गेंदों पर सबसे ज्यादा 22 रन बनाये और सलामी बल्लेबाज फहोमिदा चोया ने 18 रन बनाये। इनके अलावा बाकी की कोई बल्लेबाज दोहरे अंकों तक भी नहीं पहुंच सकीं।

भारतीय टीम की ओर से स्पिनर आयुषि शुक्ला ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। सोनम यादव और परुणिका सिसोदिया ने दो-दो विकेट लिए, जबकि वीजे जोशिथा को एक विकेट मिला।

## ओलिंपिक मेडलिस्ट हॉकी कैप्टन हरमनप्रीत को मिलेगा खेल रत्न

**नयी दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को खेल रत्न अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। उनकी कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उनके अलावा एक पैरा एथलीट को भी खेल रत्न दिया जाएगा। पैरालिंपिक 2024 में शूटिंग में 4 मेडल जिताने वाले सुभाष राणा को द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। एक अन्य कोच को भी द्रोणाचार्य अवॉर्ड से नवाजा जायेगा। नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड कमेटी की बैठक में यह फैसला किया गया है। नेशनल अवॉर्ड कमेटी की बैठक पिछले हफ्ते हुई थी।

## विमेंस वनडे क्रिकेट में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत

**वड़ोदरा में वेस्टइंडीज को 211 रन से हराया**

**मंधाना के 91 रन, रेणुका को 5 विकेट**

आजाद सिपाही संवाददाता




**वड़ोदरा।** भारत बनाम वेस्टइंडीज विमेंस टीम के बीच वनडे सीरीज के पहले मैच में रविवार को भारत ने अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 211 रन से हराया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना के 91 रन की मदद से 9 विकेट खोकर 314 रन बनाये। जवाब में कैरेबियाई विमेंस टीम 26.2 ओवर में 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। टीम के 7 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। भारत से रेणुका सिंह ने 5 विकेट लिए। रविवार को वडोदरा में मंधाना ने लगातार चौथी फिफ्टी लगायी। उनके अलावा हरलीन देयोल ने 50 गेंदों पर 44 रन और ऋचा घोष ने 12 गेंदों पर 26 रन बनाये। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 23 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की तरफ से जायदा जेम्स को 5 विकेट मिले। इस मैच में भारतीय टीम अपनी नयी वनडे जर्सी पहनकर खेलने उतरी।

## होसिर मियाबांध का व्यक्ति लापता, लगायी खोजबीन की गुहार



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत होसिर मियाबांध निवासी नवल रविदास (56 वर्षीय) बीते कई दिनों से गुमसुदा हैं। उनके अचानक गुमसुदा हो जाने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। इस संबंध में श्री रविदास की पुत्री ज्योति कुमारी ने गोमिया थाना में पिता की गुमशुदगी का आवेदन देते हुए उनके खोजबीन की गुहार पुलिस प्रशासन से लगायी है। आवेदन पत्र में उन्होंने कहा है कि बीते बारह दिसंबर को उनके पिता अपने बहन के घर बड़गांव गए थे। 15 दिसंबर को बड़गांव से वापस अपने घर होसिर लौटने के लिए जगेश्वर बिहार रेलवे स्टेशन से ट्रेन पर सवार हुए, और तब से ही उनका कोई पता नहीं है।

## असंगठित मजदूरों ने किया तेतुलमारी थाना का घेराव

**चार थाना के पुलिस बल और प्रभारी ने मामले को संभाला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेतुलमारी/ कतरास।** लोकल सेल चालू करने तथा आउटसोर्सिंग कंपनी से कोयला चोरी रोकने को लेकर सैकड़ो असंगठित मजदूरों ने रविवार को तेतुलमारी थाना गेट पर जोरदार हो हंगामा किया। सभी मजदूर आउटसोर्सिंग कंपनी और स्थानीय थाना के विरोध में नारे बाजी कर रहे थे। इस दरम्यान कंपनी के इंचार्ज व चालक को भी गाड़ी सहित घेर लिया गया। मामला बिगड़ता देख तुरंत स्थानीय थाना ने रामकनाली, ईस्ट बंसुरिया, जोगता सहित अंगार पथरा के प्रभारी और पुलिस बल को बुला लिया। तब जाकर मामला स्थिर हुआ तथा चेन्नई राधा आउटसोर्सिंग कंपनी के साइड इंचार्ज और प्रदर्शन कारियो के बीच शांतिपूर्ण वार्ता हो पायी, जिसमे सोमवार से लोकल सेल चालू करने की बात पर सहमति बनी।

सैकड़ो प्रदर्शन कारियो के नेतृत्वकर्ता अशोक ठाकुर ने बताया कि बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के तेतुलमारी में कार्यरत चेन्नई राधा आउटसोर्सिंग कंपनी में कई दिन पूर्ब बीसीसीएल द्वारा 1500 सौ टन का डियो अलॉटमेंट किया गया है फिर भी कंपनी के साइड इंचार्ज कमरान रिजवी द्वारा लोकल सेल चालू नही किया गया और रात्रि में हाईवा द्वारा कोयला चोरी करवा रहा है।

बिगत 8 दिसंबर को 3 हाइवा अवैध कोयला निकासी के कारण सीआइएसएफ जवान पर भी कार्रवाई हो चुकी है। चोरी का विरोध करने पर थाना से झूठी केश में फसवा दिया जाता है। आज 58 दंगल के सैकड़ो मजदूरों ने कंपनी परिसर में पहुंच कर लोकल सेल चालू कराने की बात कह रहे थे पर साइड इंचार्ज व उनके गुर्गे भागकर थाना पहुंच गया, जिसकारण हमलोगो को थाना पहुंच कर प्रदर्शन करना पड़ा। फिर उन्होंने कहा कि लोकल सेल की एक गाड़ी लोड होने पर चालक मुंसी और मजदूर सहित 107 लोगो का पेट चलता है। मौके पर अशोक ठाकुर, मनोज निषाद,फेकू निषाद, विनोद निषाद गुड्डू सहानी नीरज सिंह, सुखेन्द्र यादव, भीम पासवान सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## 2 फरवरी को बोकारो हाल्फ मैराथन का होगा आयोजन, रजिस्ट्रेशन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो अभियान के तहत एक बार फिर बीएसएल द्वारा आगामी 02 फरवरी को बोकारो हाल्फ मैराथन का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के रजिस्ट्रेशन की शुरूआत की औपचारिक घोषणा 21 दिसंबर को बोकारो निवास में आयोजित एक कार्यक्रम में सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह दवारा किया गया। इस मौके पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक व मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

इस मौके पर सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह ने बीएसएल की इस पहल की सराहना की और विश्वास जताया कि ज्यादा से ज्यादा लोग हाल्फ मैराथन में शामिल होंगे और इसके आयोजन को सार्थक बनायेंगे। बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने कहा कि 'एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो' की थीम को आगे ले जाते हुए हाल्फ मैराथन 2025 का आयोजन किया जा रहा है ताकि फिटनेस की मुहीम में सभी की सहभागिता हो सके।

गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बोकारो मैराथन के तहत 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ 40 वर्ष तक के धावकों के लिए, 40 से 60 वर्ष के धावकों के लिए तथा सीनियर सिटिजन श्रेणी में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग आयोजित किया जायेगा जिसके लिए आकर्षक नगद पुरस्कार रखे गये हैं। इसके अलावा दिव्यांगजनों के लिए 2 किलोमीटर की दौड़ भी रखी गयी है। बोकारो हाल्फ मैराथन में शामिल होने के लिए धावकों को **बोकारो मेराथान के पोर्टल** में रजिस्ट्रेशन करना होगा। पोर्टल में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2025 है। बोकारो हाल्फ मैराथन की शुरूआत मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम से 02 फरवरी को सुबह 6.30 बजे होगी और अलग- अलग श्रेणियों के लिए निर्धारित रूट में धावकों को दौड़ पूरी करनी होगी। दौड़ पूरी करने वालों को उनके ईमेल पर प्रमाण पत्र भेज दिये जायेंगे।

## जनसूचना अधिकार अधिनियम की उड़ायी जा रही हैं धज्जियां

**मांगी गयी जानकारी को नजरअंदाज कर रहे अधिकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड के सिंगड़ा पंचायत में जन सूचना अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दिलीप कुमार रजक ने 22 अगस्त 2024 को कुआं, आमबागबानी समेत छह अन्य योजनाओं पर जानकारी मांगी, लेकिन जन सूचना सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निर्धारित समय सीमा में कोई सूचना नहीं दी। इसके बाद, 26 सितंबर 2024 को उन्होंने प्रथम अपील की और उप-विकास आयुक्त सह प्रथम अपिलीय पदाधिकारी से कार्रवाई की मांग की। जिस पर 18 अक्टूबर 2024 को उप-विकास आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सूचना निबंधित डाक से भेजी जाये और वे 14 नवंबर को अपीलीय न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। हालांकि, प्रखंड विकास सह जन सूचना पदाधिकारी उस तिथि पर उपस्थित नहीं हुए, जबकि आवेदक ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। वहीं 13 दिसंबर 2024 को उप-विकास आयुक्त ने एक और पत्र जारी किया, जिसमें बताया गया कि सूचना 12 नवंबर 2024 को भेजी गयी थी, लेकिन आवेदक ने इसे प्राप्त नहीं होने का आरोप लगाया। इधर लगातार अधिकारियों की लापरवाही और आरटीआइ की अनदेखी से विकास कार्यों में पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। अब राज्य सूचना आयोग की कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, ताकि जन सूचना अधिकार अधिनियम का पालन हो सके और विकास कार्यों में सुधार हो सके।

## कुंजामा कोल डंप में मैन्युअल लोडिंग को लेकर असंगठित मजदूरों का प्रदर्शन जारी


आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/ जोरा पोखर।** बीसीसीएल क्षेत्र के अंतर्गत लोदना एरिया 10 अंतर्गत कुजामा कोल डंप में मैन्युअल लोडिंग की मांग को लेकर 6 नंबर चेकपोस्ट स्थित जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के बैनर तले असंगठित मजदूरों का पांचवें दिन रविवार को भी धरना प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन के नेतृत्व कर रहे रत्नेश यादव ने बताया कि 30 जुलाई 2022 को असंगठित मजदूरों की उत्पन्न समस्याओं को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन को लिखित आवेदन दिया गया था। लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई भी पहल नहीं किया गया वही लोडिंग पॉइंट चालू होने के समय में बीसीसीएल प्रबंधन के साथ मौखिक रूप से वार्ता हुई थी। कि यह लोडिंग पॉइंट के चालू होने से क्षेत्र के इर्द-गिर्द बसे हुए लोगों को रोजगार से जोड़ा जाएगा ऐसा उन्होंने आश्वासन दिया था। लेकिन ज्योंहि लोडिंग पॉइंट चालू हुआ तो प्रबंधन एक साजिश के तहत पेलोडर मशीन से लोडिंग कार्य शुरू कर दिया जिससे भू धसान व अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सामने भूखमरी जैसे समस्या उत्पन्न हो गयी है। इसके लिए प्रबंधन से कई दौर वार्ता किया गया लेकिन सिर्फ झूठा आश्वासन ही मिला। जिसके कारण आज बाध्य होकर अनिश्चितकालीन धरना पर पार्टी के कार्यकर्ता व असंगठित मजदूर महिला पुरुष बैठे हुए हैं। अगर इससे बात नहीं बनी तो आने वाले दिनों में पूरे क्षेत्र में उत्पादन से जुड़े कार्यों को ठप कर दिया जायेगा। जिसकी सारा जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मौके पर वार्ड 46 के पार्षद प्रतिनिधि रविन्द्र प्रशाद भुइयां, भीम निषाद, मनोज पासवान, विनोद साव,दिपक यादव, संजीव सिंह, के आलावा रिंकू देवी, पुनम देवी, रेखा देवी, रुपा, संजीता देवी आदि मुख्य रूप मौजूद थे।

## मुरलीडीह कोलियरी विद्युत सब स्टेशन में अपराधियों ने ट्रांसफार्मर को तोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** मुरलीडीह 20/21 पिट्स कोलयरी के विद्युत सब-स्टेशन में शनिवार देर रात अपराधियों की एक गैंग ने चोरी की नियत से धावा बोला। उन्होंने 2 एमवीए (33 हजार वोल्ट) ट्रांसफार्मर को तोड़कर उसे नुकसान पहुंचाया और तेल बहा दिया। इससे मुरलीडीह कोलयरी और आसपास के क्षेत्रों जैसे छत्रुटांड़ मोड़, महुदा बस्ती, मुरलीडीह के सैकड़ों क्वार्टरों में अंधेरा छा गया, और पानी की आपूर्ति भी बंद हो गई। घटना के समय रात में दो सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर तैयनात थे, लेकिन उन्होंने प्रबंधन को सूचना इसकी नहीं दी। सुबह जब फोरमेन शिवलाल महतो अपनी टीम के साथ जांच के लिए पहुंचे, तो देखा कि ट्रांसफार्मर का ढक्कन खोला गया, केबल काटे गये और तेल बहा दिया गया था। कोइल को काटने का प्रयास भी किया गया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके।

मामले में शिवलाल महतो ने परियोजना प्रबंधक को लिखित शिकायत दी, जिसमें सुरक्षाकर्मियों पर कार्य से अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया। शिकायत में बताया गया कि रात 1 बजे बिजली कटने पर दामोद्दीन से जांच करने को कहा गया, लेकिन उसने जाने से साफ इंकार कर दिया। घटना पर परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि मामले की गहन जांच की जायेगी और दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। ट्रांसफार्मर के नुकसान से करीब 3-4 लाख का वित्तीय नुकसान हुआ है और मरम्मत में महीनों लग सकते हैं। फिलहाल पुलिस को घटना की सूचना दे दी गयी है। इधर ओपी प्रभारी अनिल कुमार मंडल ने बताया कि बीसीसीएल प्रबंधन की और से शिकायत पत्र मिला है। उस आधार पर जांच पड़ताल किया जायेगा। जो भी दोषी है उस पर कारवाई होगी।

## हॉबी सेंटर में बांगीया संगीत परिषद की सातवीं और आठवीं वार्षिक परीक्षा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जय प्रकाश नगर, गली न.10 स्थित धनबाद का ख्याति प्राप्त ड्राइंग इंस्टीट्यूट हॉबी सेंटर में रविवार को बांगीया संगीत परिषद का वार्षिक परीक्षा 2024 का आयोजन किया गया। सातवां व आठवां डिप्लोमा परीक्षा में झारखंड बिहार और वेस्ट बंगाल के विद्यार्थियों ने निर्धारित स्टिल लाइव और वाटर कलर से मार्केट सीन, फेस्टिवल एवं अन्य थीम के चित्रण को बहुत ही बारीकी से उकेर कर बहुत ही शानदार चित्रकारियों को कोलकाता से आए जज सुशांत चक्रवर्ती के समक्ष प्रस्तुत किया। सुशांत चक्रवर्ती ने बताया भारतीय चित्रकारी के इस सुनहरे सफर में देश के साथ बर्लिन, न्यूयॉर्क, फ्रांस मे भी आर्ट और कल्चर के एग्जीबिशन उनके तत्वाधान में देश की कला और संस्कृति के बनाए चित्रों ने एक शानदार छाप छोड़ी है। आज धनबाद के प्रख्यात ड्राइंग इंस्टीट्यूट हॉबी सेंटर में विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर एवं दमदार चित्रकारी पेश की है जिन्हें प्रमाण पत्र दिया जायेगा। हॉबी सेंटर के निदेशक एवं ख्याति प्राप्त आर्टिस्ट शिव शंकर घर ने कहा यह परीक्षा बांगिया संगीत परिषद के नियमों एवं निर्देशानुसार सुचारू रूप से संचालित किया गया है। विद्यार्थियों ने काफी लगन, मेहनत और एकाग्रता के साथ परिपक्त चित्रकरी के गुण सीखे है और अब डिप्लोमा प्राप्त कर वर्तमान और भविष्य में वे हमारे देश के बच्चों को विभिन्न संस्थाओं एवं स्कूलों में गहन चित्रकारी के संदर्भ में बारीकियां का प्रशिक्षण देंगे। परीक्षार्थी करनजीत कौर ने बताया ड्रॉइंग एक करियर ओरिएंटेड अपॉर्चुनिटी है चाहे आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स, स्ट्रीम हो, बीएसए हो या आर्किटेक्ट फील्ड हो सभी में ड्राइंग की आवश्यकता पड़ती है। परीक्षा दे रहे हॉबी सेंटर के विद्यार्थी आदित्य ने बताया कि कोई ड्राइंग बनाने में सालों लग जाते है हम मेहनत करते हैं शिवशंकर सर इंप्रूवमेंट करवातें है इस हॉबी सेंटर से हजारों विद्यार्थी हाइ लेवल में गये हैं। परीक्षा को सफल करने में चित्रकला में विशेष रुचि रखने वाले वरिष्ठ शिक्षकों अंजन आचार्य और नीलांशु भट्टाचार्य का सक्रिय योगदान था।

## टीवी रोग से ग्रसित युवती ने इलाज के लिए विधायक से लगायी गुहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**टुंडी।** टुंडी प्रखंड के गादी टुंडी पंचायत रतनपुर निवासी ममता किस्कू पिता सुखलाल किस्कू शिक्षा इंटरमीडिएट आज अपने टी वी बिमारी से ग्रसित होकर घर में रहने को विवश हो गयी है। जानकार सूत्रों के अनुसार ममता किस्कू पिछले एक माह से टीवी रोग से ग्रसित है। शहीद निर्मल महतो मेडिकल एंड हॉस्पिटल धनबाद से फिलहाल दवा ले रही है। खासकर जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा होने के कारण अपने पढ़ाई बाधित होने पर ज्यादा चिंतित हैं। अपने रोगी का दर्द बयां करती हुई टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो से मांग की है कि यथाशीघ्र उचित समय पर इलाज कराने एवं सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने की मांग किया है। फिलहाल समाज से जुड़े अकबर अली अंसारी ने अपने खर्च पर धनबाद से इलाज कराने में मुख्य भूमिका निभायी है, जो काबिले तारीफ है।

## अखिल भारतीय श्रोत्रिय युवा मंच का सम्मान समारोह सह प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न

**युवाओं की भागीदारी से ही समाज उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकता है : विक्रम पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**टुंडी।** टुंडी के बराकर नदी किनारे पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रविवार को अखिल भारतीय श्रोत्रिय युवा मंच के द्वारा सम्मान समारोह सह प्रसादी वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन टुण्डी भाजपा विधानसभा प्रत्याशी विक्रम पांडेय के द्वारा पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। अपने संबोधन में श्री पाण्डेय ने कहा कि आज के इस युग में समाज की उन्नति युवाओं के अथक प्रयास से ही संभव है। आज ब्राह्मण समाज को इन युवाओं की सख्त जरूरत है। साथ ही इस कार्यक्रम के दौरान देश एवं राष्ट्र हित में चयनित विभिन्न विभागों के जवानों को मेडल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया एवं कहा कि आज के युवा कल के भविष्य हैं इसलिए अखिल भारतीय श्रोत्रिय युवा मंच में ज्यादा से ज्यादा युवा जुड़े और अपने समाज को सशक्त बनाने में अपनी प्रतिभा विकसित करें। भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पाण्डेय ने अखिल भारतीय श्रोत्रिय युवा मंच को हरसंभव मदद करने का वचनबद्धता दोहराई। मौके पर कुणाल पांडेय, सीआइएसएफ, अमित पांडेय बीएसएफ, राहुल पांडेय एसएसबी, मृत्युंजय पांडेय बीएसएफ, राहुल पांडेय सीआइएसएफ, राहुल पांडेय सीआरपीएफ में चयनित सभी वीर जवानों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय श्रोत्रिय युवा मंच के विजय कुमार पांडेय, त्रिलोचन पांडेय, पार्वती चरण पांडेय, प्रदीप पंडा, राजेश पांडेय, विवेक पांडेय रूपेश पांडेय, राजीव राजनारायण, दीपक सुजीत, संजीव, सुमंत, चंदन, रंजीत, रविन्द्र, बीरेंद्र, दिलीप समेत बड़ी संख्या में श्रोत्रिय समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## मैं हूं धनबाद समूह का सड़क सुरक्षा जागरूकता सेमिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** रविवार को मैं हूं धनबाद समूह के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों अधिकारियों एवं धनबाद पुलिस के कर्मचारियों अधिकारियों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर टाउन हॉल धनबाद में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अरविंद कुमार सिंह (डीएसपी ट्रैफिक) के द्वारा स्वतंत्र कुमार (रोड सेफ्टी एक्सपर्ट) को पुष्प गुच्छ तथा मैं हूं धनबाद समूह के प्रेसिडेंट पूजा रत्नाकर को पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैं हूं धनबाद समूह के अध्यक्ष पूजा रत्नाकर के द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर संस्था के द्वारा किये गये क्रियाकलाप पर चर्चा कर तथा अन्य क्रियाकलाप के विषय में बताकर किया गया।

तत्पश्चात स्वतंत्र कुमार के द्वारा सड़क सुरक्षा की दुनिया में वर्तमान स्थिति क्या है के साथ-साथ भारत कहां खड़ा होता है सुरक्षा के मामले में। हमारे झारखंड राज्य की क्या स्थिति है एवं अंततः हमारे धनबाद की वर्तमान स्थिति क्या है सड़क सुरक्षा के मामले में। सेमिनार के दौरान सवाल जवाब सेशन भी रखा गया जिसमें धनबाद के डीटीओ, दिवाकर सी. द्विवेदी तथा अरविंद कुमार सिंह, ट्रैफिक डीएसपी धनबाद ने धनबाद की तत्कालीन सड़क सुरक्षा से संबंधित समस्याओं पर स्वतंत्र कुमार से गहनता पूर्वक चर्चा किया। सेमिनार के दौरान कुछ निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी जिसमें ब्लैक स्पॉट क्या है, ट्रैफिक सिग्नल्स, 5ई'एस के माध्यम से हम लोग किस प्रकार लोगों की जान बचा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में अरविंद कुमार सिंह तथा डीटीओ धनबाद के द्वारा मैं हूं धनबाद समूह के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा माह के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्पना झा, विकास सिंह चौधरी, एनके झा, राहुल सिंह, सनोज कुमार, राकेश कुमार सिन्हा, शुभांकर सरकार, मो. आशिफ इकबाल, मो. इमरान मलिक, मो. सलाउदीन, राणा आचार्य, मो. शमीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बीजेपी का सदस्यता अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा पूरे प्रदेश में एक साथ 22 दिसंबर को नये सदस्य बनाओ अभियान की शुरूआत की गयी। इस आयोजन में कसमार प्रखंड अंतर्गत मधुकरपुर मां दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मंडल प्रभारी अशोक कुमार महतो की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सबका साथ सबका विकास के अलावे सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ने का है। यहां कसमार भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो ने बताया कि संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान की आज शुरूआत की गयी है जो कि 14 जनवरी 2025 तक चलेगी। मंडल प्रभारी श्रीकुमार ने बताया कि सदस्यता अभियान के शुरूआत के प्रथम दिन काफी संख्या में लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। सदस्यता अभियान में महेश कुमार स्वर्णकार, रितेश रंजन तिवारी, कैलाश कुमार महतो, संतोष कुमार महतो, अशोक महतो, धीरेंद्र कुमार महतो, सीताराम महतो, मनोज कुमार महतो, आघनु महतो, चंचला देवी, संध्या देवी, कौशल्या देवी, सुमित्रा देवी, यशोदा देवी, सुगिया देवी इत्यादि उपस्थित थे।

# किट और किस के संस्थापक अच्युता सामंत को 64वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिली

● 15 दिनों में तीसरी मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् और किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत को रविवार को एलायंस यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु के 13वें दीक्षांत समारोह के दौरान 64वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिली। सामंत को कर्नाटक के मंत्री सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। उन्हें किट और किस में शिक्षा के माध्यम से जीवन को सशक्त बनाने की उनकी तीन दशक लंबी यात्रा के लिए सम्मान के तौर पर मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गयी।

इस अवसर पर गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई और नीति आयोग के सदस्य एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पद्म भूषण डॉ विजय कुमार सारस्वत को भी डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गयी।

इस बीच, अपने एक्स हैंडल पर किट और किस के संस्थापक ने कहा कि किट और किस में शिक्षा के माध्यम से जीवन को सशक्त बनाने की मेरी तीन दशक लंबी यात्रा को मान्यता देने के लिए एलायंस यूनिवर्सिटी के नेतृत्व, विशेष रूप से चांसलर और प्रो-चांसलर को मेरा हार्दिक धन्यवाद।

बता दें कि डॉ अच्युत सामंत को 12 दिसंबर को मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित और सबसे पुराने सरकारी संस्थानों में से एक अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा से 63वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिली थी।

मध्य प्रदेश के राज्यपाल और कुलाधिपति मंगूभाई पटेल ने शिक्षा और सामाजिक सेवा के माध्यम से समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्थान के 12वें दीक्षांत समारोह के दौरान अच्युत सामंत को यह सम्मान प्रदान किया।

इससे पहले उन्हें 7 दिसंबर को 62वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिली थी, जो उन्हें पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान द्वारा प्रदान की गयी थी।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मिनी स्पोर्ट्स डे की धूम




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में फनथॉन 2024 मिनी स्पोर्ट्स डे बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर ऊर्जा और उत्साह से भर गया था, जहां नन्हे खिलाड़ी इस बहुप्रतीक्षित खेल आयोजन के लिए जुटे थे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई, जिसने पूरे दिन के लिए माहौल तैयार किया। इसके बाद भारत की विविध संस्कृति को दर्शाने वाला एक शानदार नृत्य प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और प्राचार्या परमजीत कौर ने गुब्बारे उड़ा कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में जुझार सिंह, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं स्पेशल ओलंपिक भारत, झारखंड, आस्था उरांव, वुशु के क्षेत्र में राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता और लवली चैबे, लॉन बॉल के क्षेत्र में राष्ट्रमंडल खेल 2022 स्वर्ण पदक विजेता उपस्थित थीं। इसके बाद कई खेलों का आयोजन किया गया, जैसे टेल रेस, क्रैब रेस, मैट रेस और कोन रेस। बच्चों के साथ उनके माता-पिता ने भी सेग्रीगेट द बॉल, ड्रैग द रिंग और स्कॉर्पियन रेस जैसे खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने दीपशिखा संस्था के बच्चों के साथ एक टीम गेम में भी भाग लिया। यह संस्था बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए कार्य करती है।

रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता क्षितिज का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें रांची के विभिन्न स्कूलों के 2000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। 500 से अधिक पुरस्कार वितरित किये गये। साथ ही, वीर बाल दिवस के अवसर पर सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों, साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी मेहमानों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नन्हे खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्कूल हमेशा बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रयासरत है और ऐसे कार्यक्रम न केवल खेल भावना, बल्कि बच्चों के बीच एकता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने खेल-एकीकृत शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया, जो एनसीएफ 2022- फाउंडेशन स्टेज और एनइपी 2020 का एक अभिन्न अंग है।

### सुंदरगढ़ में हाथियों ने व्यक्ति को कुचला

# स्थानीय लोगों ने वन रक्षक की पिटाई की



● रेंजर के सरकारी आवास का घेराव किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सुंदरगढ़ जिले के बनई वन रेंज के अंतर्गत जकेइकेला गांव में रविवार को एक दुखद घटना में जंगली हाथी के कुचलने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोग इतने आक्रोशित हो गये कि उन्होंने वन रेंजर के सरकारी आवास का घेराव कर लिया। मृतक की पहचान जाकेकेला गांव के धरणीधर पात्रा के रूप में हुई है। हाथियों के कहर से ग्रामीण लगातार परेशान हैं और वन विभाग चुप्पी साधे हुए है। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने वन रक्षक की पिटाई की और वन रेंजर के आवास का घेराव किया।

पिछले पंद्रह दिनों में बनई वन प्रभाग के अंतर्गत आने वाले तीन रेंजों में हाथियों के हमले में चार लोगों की मौत हो चुकी है। हाथी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे और उत्पात मचा रहे थे। स्थानीय लोगों ने मृतक के लिए अनुग्रह राशि और हाथियों को भगाने की मांग की। उन्होंने कानून को अपने हाथ में ले लिया और वन रक्षक की पिटाई कर दी तथा वन रेंजर के सरकारी आवास का घेराव कर दिया।

# केंद्रपाड़ा पुलिस ने सात सदस्यीय लुटेरा गिरोह का किया भंडाफोड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** पुलिस ने एक लुटेरा गिरोह के सात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। उन्हें शनिवार को केंद्रपाड़ा जिले के औल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत अंगारखा गांव में डकैती की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उनके पास सोने के आभूषण, नकदी, धारदार हथियार, बाइक, 6 मोबाइल फोन और बंदूकें पायी गयीं।

डकैतों का यह गिरोह हिस्ट्रीशीटर है और उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। 5 दिसंबर को रात करीब 8 बजे प्रभाकर प्रधान के घर में डकैती हुई थी। गिरोह के लोग जबरन उसके घर में घुसे और बंदूकों से धमकाया। इसके अलावा उन्होंने उसकी पत्नी और ससुर पर धारदार हथियार से हमला किया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत गंभीर है। उन्होंने अलमारी तोड़ कर 4 लाख रुपये लूट लिये। उनकी तलाश के बाद पुलिस ने आखिरकार उन्हें पकड़ लिया।

# श्रीमंदिर के दो सेवादारों को 16 दिसंबर को हुए विवाद को लेकर कारण बताओ नोटिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पुरी श्रीमंदिर के दो सेवादारों को अनुशासनहीनता के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख पखला सेवक मोहन खुंटिया और विश्वनाथ खुंटिया से उनके गैर पेशेवर व्यवहार के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

श्रीमंदिर कानून के अनुसार धारा 21-के के तहत दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। हालांकि, उन्हें कारण बताओ नोटिस देकर यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया है कि उन्हें कानून के तहत दंडित क्यों नहीं किया जाना चाहिए। स्पष्टीकरण का जवाब देने के लिए उन्हें सात दिनों की समयसीमा दी गयी है। उन्हें श्रीमंदिर के कमांडर के माध्यम से समय-सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई है कि यदि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बता दें कि 16 दिसंबर को मुक्ति मंडप में अबकास पादुका के वितरण को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। पहले तो दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट तक पहुंच गयी। यही वजह है कि श्रीमंदिर के सेवादारों को नोटिस जारी किया गया है। इस घटना के बाद श्रद्धालुओं में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गयी है। इस घटना से श्रद्धालुओं के बीच श्रीमंदिर की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक आइएएस अरबिंद कुमार पाढी ने ट्वीट किया है कि श्रीमंदिर के कुछ सेवादारों के अनुशासनहीन व्यवहार ने मेरी भावनाओं को ठेस पहुंचायी है। मैं यह स्पष्ट कर रहा हूं कि इस तरह का व्यवहार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्रीमंदिर की छवि और प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाली किसी भी चीज के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।



## 1 जनवरी 2025 से श्रीमंदिर में कतारबद्ध दर्शन शुरू होंगे

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नये साल 2025 से पुरी श्रीमंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए भक्तों को कतारों में खड़ा होना पड़ेगा। श्रीमंदिर में कतारबद्ध दर्शन 1 जनवरी 2025 से किये जायेंगे। यह जानकारी कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने दी। 27 और 28 दिसंबर से श्रीमंदिर में कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था शुरू हो जायेगी। पायलट आधार पर 30 और 31 दिसंबर को श्रद्धालु कतारों में खड़े होकर दर्शन करेंगे। श्रद्धालु सात पहाचा द्वार से प्रवेश करेंगे और घंटी तथा गरदा द्वार से बाहर निकलेंगे। महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक घंटी द्वार से तथा पुरुष गरदा द्वार से बाहर निकलेंगे। इससे पहले कानून मंत्री ने कहा था कि परिक्रमा प्रकल्प के डिजाइन में बदलाव किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुराने डिजाइन में बदलाव किया जायेगा और जल्द ही नया डिजाइन तैयार किया जायेगा। ओड़िशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि चूंकि ओड़िशा के लोगों की पारंपरिक आस्था श्रीमंदिर से गहरायी से जुड़ी हुई है, इसलिए कोई भी बदलाव बड़ा असर डालेगा। इसके लिए चर्चा चल रही है। इसके अलावा कृत यज्ञ, अन्न यज्ञ और ज्ञान यज्ञ मंडपों की भी व्यवस्था की जायेगी। कानून मंत्री ने कहा कि दो से तीन महीने के भीतर काम शुरू हो जायेगा।

# बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपहरण विरोधी मॉक ड्रिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन से पहले 17 दिसंबर को बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (बीपीआइए) पर अपहरण विरोधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन के दौरान किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए एक प्रारंभिक उपाय के रूप में किया गया था। यह पहली बार है कि समारोह भुवनेश्वर द्वारा आयोजित किया जायेगा। समारोह आठ जनवरी से 10 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाले हैं। यह सम्मेलन का 18वां संस्करण होगा।

हाल ही में, भुवनेश्वर में 29 नवंबर से एक दिसंबर तक डीजी-आइजीपी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कई राज्यों के पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों सहित पुलिस बल के गणमान्य व्यक्ति इस सम्मेलन का हिस्सा थे।

हाल ही में डीजीपी-आइजीपी कॉन्फ्रेंस के दौरान बीजू पटनायक इंटरनेशनल एयरपोर्ट, भुवनेश्वर को खालिस्तानी आतंकवादियों से धमकियां मिली थीं। धमकियों में भुवनेश्वर के बीजू पटनायक इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाया गया था। यात्रियों और गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए हवाईअड्डा प्राधिकारियों ने 17 दिसंबर को एंटी-हाइजैकिंग मॉक ड्रिल का आयोजन किया।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Stage, Any Type
संपूर्ण ईलाज
अब धनबाद में
Radiotherapy | PET Scan | Mammography
A Unit of Asarfi Hospital Ltd. 9297970030

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
All Subjects Combined in ONE BOOK
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता
फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**